हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 नवंबर 2025



# जंगल में चार दिन चले ऑपरेशन में डायरी-सामान छोड़कर भागे नक्सली

## मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के घायल होने की खबर, इलाके में सर्चिंग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नक्सली मुठभेड़ में बालाघाट के टीआई आशीष शर्मा के शहीद होने के बाद पुलिस और फोर्स ने चार दिनों तक बोरतलाव के ग्राम कौहापीन और कनघुर्रा के जंगल में एक बड़ा आपरेशन चलाकर नक्सलियों की घेराबंदी की है। पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के घायल होने की खबर है। फोर्स की तगड़ी घेराबंदी देख नक्सली अपना सामान छोड़कर वहां से भाग खड़े हुए हैं। पुलिस का कहना है कि डायरी में मिले नक्सली नेटवर्क की भी पड़ताल की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बोरतलाव के कौहापानी और कनघुर्रा के जंगल में दर्रेकसा दलम के करीब दर्जनभर नक्सलियों के होने की जानकारी मिलने के बाद मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की फोर्स ने आपरेशन लांच किया था। इस आपरेशन के दौरान नक्सल फायरिंग में बालाघाट के निरीक्षक आशीष शर्मा शहीद हो गए थे। इस शहादत के बाद तीनों राज्यों की फोर्स ने कौहापानी और कनघुर्रा के जंगल में एक बड़ा आपरेशन शुरू किया। चार दिनों तक चले इस आपरेशन में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल पर खून के काफी धब्बे मिले हैं। इसके बाद अंधेरे का फायदा उठाकर नक्सली अपना सामान मौके पर छोड़कर फरार हो गए।

### ग्रामीणों ने नहीं की नक्सलियों की मदद

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस और नक्सल के बीच हुए मुठभेड़ में घायल हुए तीन नक्सलियो के उपचार के लिए नक्सलियो का एक दस्ता स्थानीय ग्रामीणो से मदद मांगने की कोशिश भी कर रहा था। सूत्रों ने बताया कि ग्रामीणो ने नक्सली दस्ते को दवाई और डाक्टर की व्यवस्था करने से साफ तौर पर मना कर दिया। ऐसे में नक्सलियो को उपचार के लिए सुविधा नहीं मिल पाई।



### बड़ी मात्रा में नक्सल सामान बरामद

पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में दैनिक उपयोग की सामग्री और नक्सल सामग्री बरामद की है। जिसमें नक्सलियों के वर्दी, पिट्ठु बैग, लिखे हुए दस्तावेज एवं डायरियां, वर्दियां, सोलर पैनल एवं चार्जिंग सेट, खाना बनाने के बर्तन, टेंट, तिरपाल, वॉकी-टॉकी सेट, विस्फोटक सामग्री, राशन सामग्री आदि शामिल हैं।

### नक्सल डेरे में की घेराबंदी

टीआई आशीष शर्मा की शहादत के बाद फोर्स ने तगड़ी घेराबंदी की। करीब 300 अतिरिक्त बल को आपरेशन में शामिल किया गया। आपरेशन के दूसरे चरण में एसटीएफ छत्तीसगढ़, डीआरजी राजनांदगांव, डीआरजी एमएमसी के जवानों ने मोर्चाबंदी की। 22 नवंबर को सर्चिंग पार्टी नक्सलियों के डेरे तक भी पहुंची, जहां पुलिस को देख नक्सली अपना सामान छोड़कर जंगल का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए।

### घेराबंदी के लिए सर्चिंग जारी

नक्सलियों की घेराबंदी करने के लिए लगातार सर्चिंग आपरेशन किए जा रहे हैं। मुठभेड़ में नक्सलियों के घायल होने की जानकारी मिली है। एसटीएफ, जिला बल और पड़ोसी राज्यों के बल द्वारा संयुक्त रूप से सघन नक्सल विरोध अभियान जारी रहेगा। - **अभिषेक शाडिल्य**, आईजी, राजनांदगांव रेंज

## टोकन की लिमिट भी तय, अब छोटे किसानों को एक या दो ही मौका

# अस्थाई प्रभारियों को हटाया, सभी डाटा एंट्री ऑपरेटरों के बदले केंद्र!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी शुरू होने से पहले समिति प्रबंधकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को देखते हुए खरीदी की जिम्मेदारी देकर अस्थाई रूप से प्रभारी बनाए गए अफसरों को अब हटा दिया गया है। प्रदेश के निर्देश बाद जिला कलेक्टर ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। अब समिति प्रबंधक ही प्रभार संभालेंगे। हालांकि 49 संवेदनशील केंद्रों में तैनात किए गए प्रभारी अफसरों को यथावत रखा गया है।

वहीं दूसरी तरफ हड़ताल से लौटे कम्प्यूटर ऑपरेटरों के केंद्रों में बदलाव कर दिया गया है। जिले के सभी खरीदी केंद्र के कम्प्यूटर ऑपरेटरों को बदल दिया गया है। दूसरी ओर धान खरीदी के लिए किसानों को जारी होने वाले टोकन की लिमिट भी तय कर दी गई है। 10 एकड़ से कम खेत वाले किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अधिकतम दो टोकन ही दिए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि तीन नवंबर से अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने वाले समिति प्रबंधकों को बर्खास्त करने की कार्रवाई के साथ ही जिला स्तर पर सभी समितियों के लिए अन्य विभागों के अफसर एवं कर्मचारियों की तैनाती कर उन्हें प्रभारी बना दिया गया था। पिछले एक सप्ताह से इन प्रभारियों के जरिये ही सरकार धान खरीदी कर रही थी, परन्तु अब सभी समिति प्रबंधकों के हड़ताल समाप्त कर काम पर लौट जाने के चलते अस्थाई रूप से बनाए गए प्रभारियों को हटा दिया गया है।



### अधिकतम तीन टोकन

प्रदेशभर में जारी धान खरीदी प्रक्रिया के बीच टोकन की सीमा भी खेतों के रकबे के अनुसार तय कर दी गई है। नए आदेश के अनुसार अब 2 एकड़ तक की सीमा वाले किसानों को अधिकतम एक टोकन, 2 से 10 एकड़ तक की सीमा वाले किसानों को अधिकतम दो टोकन एवं 10 एकड़ से अधिक वाले किसानों को अधिकतम तीन टोकन ही जारी किया जा सकेगा। टोकन ऑनलाइन एप के माध्यम से एवं ऑफलाइन समितियों से भी जारी किए जा रहे हैं।

### डाटा देकर जाएंगे प्रभारी

आदेश में यह भी साफ कर दिया गया है कि अस्थाई रूप से प्रभारी बनाए गए अफसर उनके प्रभार अवधि के दौरान उपार्जित किए गए धान एवं अन्य आवश्यक कार्यों का नियम अनुसार प्रभार सौंपकर ही भारमुक्त होंगे। ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले में कुल 96 समितियां है। खैरागढ़ जिले में 51 एवं मोहला-मानपुर जिले में 27 समितियां, इन सभी में अस्थाई रूप से सह-प्रभारी बनाए गए थे।

### बदल गए 96 केंद्रों के ऑपरेटर

अस्थाई रूप से प्रभारी बनाए गए अफसरों को हटाने के साथ ही जिले की सभी खरीदी केंद्रों के कम्प्यूटर ऑपरेटरों को भी इधर से उधर कर दिया गया है। सहकारिता उप आयुक्त कार्यालय से जारी आदेश में जिले की सभी 96 उपार्जन केंद्रों के ऑपरेटरों को दूसरे केंद्र भेज दिया गया है। हालांकि उनका वेतन व मानदेय मूल समिति द्वारा ही किया जाएगा। सभी को तत्काल नए केंद्रों में जाने कहा गया है।

### इन केंद्रों को माना गया अति संवेदनशील

भले ही सभी 96 उपार्जन केंद्रों में बनाए गए सह-प्रभारियों को हटा दिया गया है, लेकिन जिले के 49 केंद्र संवेदनशील एवं अति संवेदनशील श्रेणी में है। उनमें मॉनिटरिंग के लिए तैनात अफसरों को यथावत रखा गया है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्रों में राजनांदगांव ब्लॉक का कन्हारपुरी, सुरगी, भर्रेगांव, रानीतराई, गठुला, भानपुरी, सुकुलदैहान, घुमका, पटेवा, मुरमुंदा, उपरवाह शामिल है। ऐसे ही डोंगरगांव ब्लॉक के संबलपुर, तिलईरवार, तेंदूनाला, तुमड़ीबोड़, कोहका, रामपुर, दीवानभेड़ी, अर्जुनी, कोकपुर, खुज्जी, खुर्सीपार, सोनेसरार एवं किरगी, छुरिया ब्लॉक में साल्हेटोला, गहिराभेड़ी, रतनभाठ, पांगरीखुर्द, कल्लूबंजारी, उमरवाही, गैंदाटोला, बादराटोला, जोशीलमती, कुहीकला, जयसिंहटोला, शिकारीमहका, सड़क चिरचारी, जोब और डोंगरगढ़ ब्लॉक के मुसराकला, बेलगांव, मोहारा, रूआतला, बोरतलाव, खुर्सीपुर, कोलिहापुरी, बागरेकसा, रामाटोला, मेढ़ा और मुड़पार केंद्र शामिल हैं।

# धान तस्करी पर दिन-रात एक्शन अब तक 2.2 करोड़ का धान जब्त

## जिले में सोमवार को पकड़ाया 7490 बोरा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान तस्करी के खिलाफ जारी प्रशासन के अभियान के तहत लगातार सफलता मिलती नजर आ रही है। इस अभियान के तहत अब तक ढाई करोड़ रुपए से अधिक का धान जब्त किया गया है। इनमें पड़ोसी राज्यों से आया धान भी शामिल है। कार्रवाई के दौरान दो प्रमुख बातें सामने आ रही है, कोचिए पड़ोसी राज्य से धान मंगा रहे हैं। वहीं किसान जिनकी उपज खेतों में खड़ी है, उनके घर एवं गोदाम में बोरियों में भरा हुआ धान का स्टॉक मिल रहा है।

अभियान के तहत सोमवार को भी 13 प्रकरण पर कार्रवाई करते हुए 2996 क्विंटल धान जब्त किया गया है। बताया गया कि जिले की सभी सीमाओं पर चेकपोस्ट के जरिये नजर रखी जा रही है। इसके अलावा मुखबीरों से सूचना मिलने पर भी अफसर तत्काल मौके पर पहुंचकर धान की जांच कर रहे हैं। वहीं कलेक्टर जितेंद्र यादव ने सभी सहकारी समितियों को भी कोचियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी का परिणाम है कि रोजाना कोचिये अवैध धान के साथ पकड़े जा रहे हैं।



### फसल खेत में, कोठार में मिला अवैध धान

औचक निरीक्षण के दौरान 24 नवंबर को ग्राम बिरेझर में शेड में भंडारित धान लगभग 1700 कट्टा के संबंध में उपस्थित व्यक्ति से पूछताछ किया गया। जिसमें उपस्थित व्यक्ति द्वारा दावा करने पर किसान किताब की मांग करने पर व्यक्ति के खाते में सिर्फ 1.612 हेक्टेयर भूमि दर्ज होना पाया गया। जिसमें का फसल कटाई नहीं होना बताया गया। भंडारित धान के संबंध में कोई सक्षम दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर 1700 कट्टा धान जब्त कर मंडी अधिनियम अंतर्गत कार्रवाई प्रारंभ किया गया। इसके साथ ही राजनांदगांव में दो प्रकरण दर्ज किए गए है। इधर डोंगरगढ़ में प्रशासन की टीम ने आठ स्थानों पर दबिश देकर 572 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है। वहीं डोंगरगांव में तीन प्रकरणों में 360 बोरा धान जब्त किया गया है। जिले में सोमवार को हुई इस कार्रवाई में कुल 7490 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 92 लाख 87 हजार रुपए आंकी गई है। खरीदी के शुरू होने के साथ ही अभी तक प्रशासन ने 2 करोड़ 21 लाख रुपए का अवैध धान जब्त कर लिया है।

### प्राधिकृत अधिकारी को हटाने सौंपा ज्ञापन

घुमका समिति में प्राधिकृत अधिकारी नोहेंद्र वर्मा के घर से तीन दिन पहले जब्त किए गए धान मामले में अब कांग्रेस ने उन्हें बर्खास्त की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कलेक्टर के नाम यह ज्ञापन दिया है। इसके साथ ही किसानों से जुड़े मामले के निराकरण की भी मांग रखी गई है।

# पोर्टल में धान की जगह अन्य फसल, सुधार के लिए किसानों की कतार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गिरदावरी रिपोर्ट में धान की जगह अन्य फसल दिखाए जाने से किसान धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। उन्हें ऑनलाइन टोकन भी जारी नहीं हो रहा है। आज सैकड़ों की संख्या में किसान तहसील कार्यालय पहुंचे और घंटों लाइन लगाकर एग्रीस्टैक पोर्टल के माध्यम से सुधार करवाने आवेदन प्रस्तुत किया। यहां पहुंचे किसानों ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में धान की फसल लगाई है, लेकिन गिरदावरी रिपोर्ट में अन्य फसल लिखे जाने से धान बेचने पंजीयन नहीं हो पा रहा है।

खैरझिटी के किसान घनश्याम सिन्हा ने बताया कि गिरदावरी रिपोर्ट में उनके खेत में धान की जगह दूसरी फसल लिख दी गई है। जिसके चलते भौतिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है और धान विक्रय करने टोकन भी नहीं कट रहा है। सांकरा के किसान शांतनुराम साहू का कहना है कि उनके एक खसरे में धान और दूसरे खसरे में अन्य फसल लिख दिया गया है। जबकि पी-2 में धान लिखा हुआ है। उन्होंने कहा कि पटवारी से संपर्क करने पर पटवारी ने कहा कि तहसील कार्यालय में आवेदन देकर सुधारवाओ। वहीं ढाबा के किसान हीरालाल ने कहा कि उन्होंने अपने रकबे में धान बोया है, लेकिन गिरदावरी रिपोर्ट में अन्य फसल लिख दिया गया है। जिसकी वजह से दो एकड़ का रकबा कम हो गया है। उन्होंने कहा कि पटवारी सर्वे नहीं करते हैं, बैठे-बैठे गिरदावरी रिपोर्ट में कुछ भी डाल रहे हैं। जिससे किसानों को समस्या हो रही है।

**सोसाइटी से भी होगा सुधार** : बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने और सर्वे रिपोर्ट में त्रुटि होने के चलते उमड़ रही किसानों की भीड़ को लेकर तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव ने कहा कि किसानों को फसल अलग दिखने और धान रकबा कम दिखने की समस्या हो रही है। एग्रीस्टैक पोर्टल में जो पंजीयन होना था, उसमें किसी-किसी किसान का तकनीकी कारण से रकबा कम दिख रहा है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर राजधानी से फिर से पोर्टल को खोला गया है, ताकि समस्या का निदान हो पाए। उन्होंने कहा कि सोसाइटी में भी आईडी-पासवर्ड देकर सुधार करने सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। किसान सोसाइटियों में भी जाकर सुधार कार्य करवा सकते हैं।

# बायपास के पास से शराब कोचिए पकड़ाए, 36 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में की जा रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने दो शराब कोचिये के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपियों से 36 पौवा शराब जब्त किया गया है।



उल्लेखनीय है कि जिले में अपराधों पर अंकुश लगाए जाने हेतु अवैध शराब बिक्री एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में विशेष अभियान के तहत टीम गठित कर 24 नवंबर को मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपिया को मंडी परिसर के पीछे एवं आरोपी दीपक निषाद को मोहारा बायपास के पास अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से शराब रखते पाए जाने से आरोपियों के कब्जे से पृथक-पृथक 18-18 पौवा कुल 36 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2880 रुपए जब्त कर धारा 34(ए) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। आरोपियों के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया। इसी कड़ी में विशेष अभियान के तहत 24 नवंबर को सूचना के आधार पर सहदेव नगर के पास हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक विष्णु निषाद, पारस यादव एवं छन्नू वर्मा के विरूद्ध इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भानासुसं के तहत कार्रवाई कर अनावेदकों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### बुलेट चालक पर कार्रवाई

एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में चिखली क्षेत्र में रात्रि पेट्रोलिंग की कार्रवाई की गई। पुलिस चौकी प्रभारी उनि. कैलाश मराई द्वारा पेट्रोलिंग टीम को बाबूटोला क्षेत्र में रवाना किया गया था। पेट्रोलिंग के दौरान बुलेट चालक योगेश पटेल पिता हीरालाल पटेल बाबूटोला को पटाखे जैसी तेज आवाज करने वाले मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाते पाया गया। चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 182(क)(4) के तहत कार्रवाई करते 5000 रुपए समन शुल्क काटा गया। वाहन से लगाया गया मॉडिफाई साइलेंसर जब्त कर विधिवत कार्रवाई की गई।

# वाद विवाद, चार पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वाद-विवाद कर शांति भंग करने के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 24 नवंबर को सार्वजनिक स्थान चिखली हनुमान मंदिर के पास शराब पीने वाले आरोपी अजय गुप्ता 39 साल रामनगर मोतीपुर के विरूद्ध धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया।

इसी प्रकार अभियान कार्रवाई के 24 नवंबर को अभियान के तहत



झगड़ा विवाद कर अशांति फैला रहे अनावेदक रोहित साहू 21 चिखली, कामता सिन्हा 39 साल वार्ड नं. 6, अनिल कुमार देवांगन 50 साल स्टेशनपारा व अमित कुमार देवांगन 45 साल स्टेशनपारा के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया।

## सड़क दुर्घटना रोकने के उपाए पर काम करने की मांग, मुआवजा भी मांगा

# सड़क दुर्घटना के बाद भड़का जनआक्रोश, मानपुर रहा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मानपुर नेशनल हाईवे-930 में दो युवकों की दर्दनाक मौत और एक के गंभीर रूप से घायल होने के बाद आज मानपुर मुख्यालय में जनआक्रोश फूट पड़ा। क्षेत्रवासियों ने सुबह से ही मानपुर बंद का आह्वान किया। जिसके बाद नगर की सभी छोटी बड़ी प्रतिष्ठा स्वतः बंद में तब्दील रहा। नगर बंद के दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतरकर नेशनल हाईवे के ठेकेदार तथा जिला प्रशासन के खिलाफ वृहद रूप से विरोध प्रदर्शन किया।

परिस्थिति को देखते हुए मौके पर स्वयं एसपी यशपाल सिंह पहुंचे। साथ ही भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इस घटना में पहली बार स्वास्थ्य विभाग ने बेहद तेजी दिखाते सुबह की पहली किरण में ही दोनों युवाओं का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंपते हुए मानपुर से रवाना किया, ताकि आंदोलनकारी लाश लेकर धरना में ना बैठे। उल्लेखनीय है कि रविवार शाम को कोहका थाना क्षेत्र के बेलगांव निवासी श्रीराम कोमरे 32 वर्ष पिता चरण कोमरे पत्नी नीलू कोमरे अपने मोटर साइकिल से मानपुर से बेलगांव अपने गांव जा रहे थे। विपरीत दिशा से मानपुर थाना क्षेत्र के आमाटोला नेडगांव निवासी सोमदेव गावडे पिता रामलाल गावड़े 30 वर्ष अपने मोटर साइकिल में धान लेकर अपने गांव जा रहा था, तभी मानपुर नगर से बाहर मल्हार मोड़ से पहले नेशनल हाईवे में खोदे गए गड्ढे को अंकित करने रखी गिट्टी से भरी बोरी से टकराकर मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ गए। हादसा इतना भयावाह था कि दोनों का सर बुरी तरह से कुचला गया और दोनों युवाओं की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं महिला को सड़क से उठाकर गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया, जहां से राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज बेहतर इलाज के लिए उसे एडमिट किया गया है। लगातार नेशनल हाईवे में मिल रही मौत के बाद आज फिर से मानपुर नगर विरोध में बंद रहा। ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर आमजन सड़क पर उतर आए। आंदोलन के बीच स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण बन गई और प्रदर्शनकारियों व अधिकारियों के बीच नोकझोंक भी देखने को मिली। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार ने घटनास्थल का मुआयना कर लोगों से चर्चा की।



**लगातार हो रहे हादसे** : दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कांग्रेस-भाजपा के नेता, जनप्रतिनिधि तथा क्षेत्र के आम ग्रामीण आज के धरना प्रदर्शन में शामिल रहे। उनका कहना है कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी दल्लीराजहरा से मानपुर नेशनल हाईवे-930 में जगह-जगह गड्ढे हैं। गड्ढा को दर्शाने के लिए निर्माण एजेंसी ने बोरी में रेत, मुरूम, गिट्टी भरकर हाईवे में रखे हैं। वहीं पुल-पुलिया अप-डाउन है। जिसके आगोश में आकर अब तक 45 से भी अधिक आम ग्रामीणों की हाईवे में मौत हो चुकी है।

### एसपी ने दिए जांच के आदेश

नेशनल हाईवे में लगातार मिल रही मौत और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सड़क निर्माण के ठेकेदार के खिलाफ मानपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व आम नागरिकों ने एफआईआर की मांग के लिए लामबंद हुए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी यशपाल सिंह ने थाना प्रभारी को जांच करने के निर्देश भी जारी कर दिए है। इसके बाद कार्रवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### युवा दल में दो को मिली जगह



**जालबांधा।** सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित यूनिटी मार्च में शामिल होने छत्तीसगढ़ के 68 युवाओं का दल गुजरात रवाना हुआ। दल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दल में जिले के जयप्रकाश और पेमेंद्र को जगह मिली है।यह दल गुजरात के प्रमुख ऐतिहासिक और प्रेरणादायक स्थलों का भ्रमण करेगा। राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने वाले विशेष सत्रों में शामिल होगा।

### 23 लाख से अधिक कीमत का धान जब्त

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं अनियमितताओं पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत बड़ी मात्रा में धान जप्त किया गया है। कार्रवाई के तहत एसके एंड सन्स ट्रेडर्स मोहला से 23 क्विंटल धान जप्त किया गया। वहीं राजू प्रसाद खंडेलवाल फर्म में रजिस्टर संधारित सही नहीं पाए जाने पर 24 क्विंटल धान जब्त किया गया। इसी प्रकार साहू ट्रेडर्स मोहला की जांच में भी रजिस्टर संधारण में गड़बड़ी मिलने पर 28 क्विंटल धान जप्त किया गया। जिले में अभी तक अवैध धान के 10 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें कुल 761.801 क्विंटल धान जप्त किया गया है। जप्त धान की अनुमानित कीमत 23 लाख 61 हजार 580 रुपए आंकी गई है। इसके अलावा 1 ट्रक और 1 ट्रैक्टर भी जब्त किया गया है।

### श्रद्धांजलि संध्या का आयोजन आज

**डोंगरगांव।** मेरा दिल ए पुकारे आजा नाम से कल 15 नवंबर को सांगितिक श्रद्धांजलि संध्या का आयोजन नगर के गरबा मैदान बाजार चौक में किया गया है। इस संगीतमय आयोजन में प्रसिद्ध पार्श्व गायक मोहम्मद रफ़ी, मुकेश, किशोर कुमार, महेन्द्र कपूर आदि के गानों की प्रस्तुति नगर के गायक कलाकारों द्वारा दी जाएगी। इस कार्यक्रम में विमल शर्मा, अतुल गुप्ता, सुमित जैन, एनेन्द्र शर्मा, आशीष जैन, प्रियंक जैन, थानेन्द्र साहू, हेमंत चोपड़ा, इरफान बड़गुजर, महेन्द्र मानिकपुरी, सफीर अहमद खान, प्रणय सोनी, उज्जवल गुप्ता, स्वतंत्र जैन, योगेश जैन, शशांक खोब्रागढ़े, सिद्धांत गोस्वामी, अनिल साहू, संजय रामटेक, संतोष चक्रधारी अपनी प्रस्तुति देंगे।

### बच्चों ने किया रोचक प्रदर्शन



**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला छपारा में बीते शनिवार को बैगलेस डे के मौके पर बच्चे अपनी रुचि के अनुसार वेशभूषा धारण कर आएं। बच्चों ने बारी-बारी से कारपेट में रैंप वॉक करके प्रदर्शन किया। बच्चे छत्तीसगढ़ महतारी, बाल राधा- कृष्ण, फौजी, मराठी महिला, सोनपरी, महारानी, राऊत पोशाक, हीरो, शाही अंदाज, ग्रामीण महिला, दुर्गा आदि के रूप में शामिल हुए। अंत में सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति हुई । अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक मदन मंडावी, लोकनाथ कंवर, उगेश धुर्वे आदि शामिल हुए।

### बाल मेला का आयोजन



**डोंगरगढ़।** खालसा पब्लिक स्कूल में बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला में छात्र-छात्राओं ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए। मेला में पालक और नागरिक शामिल हुए।

### भूगोल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**डोंगरगढ़।** कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने विविध स्थलों का भ्रमण कर ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा भौगोलिक विशेषताओं का अध्ययन किया। विद्यार्थियों ने भोरमदेव मंदिर की ऐतिहासिक विरासत का अवलोकन किया। उन्होंने चिल्फी घाटी की भौगोलिक संरचना, जनजातीय जीवन एवं प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने सरोदा जलाशय का निरीक्षण कर जल प्रबंधन, बांध निर्माण एवं सिंचाई प्रणाली का अध्ययन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ ठाकुर, प्राध्यापक बीआर चंद्रवंशी, मनोहर बोकड़े, डॉ हेमलता गायकवाड, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, नम्रता परीक्षा, डॉ कविता यदु, राजेश चक्रधारी, रूपेश बंसोड़, कामिनी वर्मा, ज्योति वर्मा आदि शामिल हुए।

### पंचायत ने किया मितानिनों का सम्मान



**डोंगरगांव।** ग्राम पंचायत बगदई में कार्यक्रम आयोजित कर मितानिनों का स्वागत और सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत के सदस्यों ने मितानिनों को तिलक लगाकर शॉल और श्रीफल दिया। इस मौके पर सरपंच कुलदीप सिंह ठाकुर ने कहा कि मितानिनों का सम्मान करना गर्व की बात है। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने गांव गौरवान्वित हुआ है। कार्यक्रम का संचालन उपसरपंच टीकम राम निषाद ने किया। इस मौके पर मितानिन कार्यक्रम समन्वयक नीलिमा सिन्हा, प्रशिक्षिका जानकी निषाद, सचिव डुलन ठाकुर, पंच आदि उपस्थित थे।

### विज्ञान और अंग्रेजी का प्रशिक्षण



**चारभांठा।** अखिल भारती विद्या भारती सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ प्रान्त और जिला ग्राम भारती राजनांदगाव के मार्गदर्शन मे सरस्वती शिशु मंदिर चारभांठा 21 से 23 नवम्बर तक अंग्रेजी एवं विज्ञान कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में 20 विद्यालयों के 40 आचार्य दीदी शामिल हुए। समापन समारोह में जनपद सदस्य अशोक नेताम, बुंदा वर्मा अध्यक्ष जिला ग्राम भारती, विज्ञान प्रशिक्षक डामन जोशी, अंग्रेजी प्रशिक्षक प्रेमचंद साहू, उमा सिन्हा, पूनमचंद साहू, धनीराम यादव, भूषण गजेंद्र, देवेंद्र नंदेश्वर शामिल हुए।

---

### राजस्थान की घटना से प्रशासन ने नहीं लिया सबक

# पांच दशक पुराना शाला भवन जर्जर, डरे सहमे रहते हैं बच्चे

## शिकायत की अनदेखी कर रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

राजस्थान के पलोदी गांव के सरकारी स्कूल की छत ढहने से सात बच्चों की मौत और बीस के घायल होने की घटना को लोग अभी तक भूले नही है। इस घटना के बाद प्रशासनिक कामकाज में कोई सुधार नजर नही आ रहा है। लगने लगा है कि व्यवस्था में सुधार के लिए प्रशासन घटना का इंतजार कर रहा है।

पांच दशक पूर्व ब्लाक मुख्यालय में बना बालक पूर्व माध्यमिक शाला भवन जर्जर हो गया है। भवन का प्लास्टर उखड कर गिर रही है। छत से सरिया झांक रही है। दीवाले इतनी कमजोर हो गई है कि ईंटे निकलकर गिर रही है। एक दो स्थानों पर दीवारों को बचाने के लिए टीन से ढंका गया है। बच्चे जर्जर भवन में न केवल पढते है बल्कि खेलते भी हैं। किसी दिन अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है। आश्चर्य की बात यह है कि शिक्षक, प्रधान पाठक एवं पालक कई दफे जर्जर भवन से दुर्घटना की आशंका की जानकारी अधिकारियों को दे चुके है किन्तु अब तक जर्जर भवन को ढहाया नहीं जा सका है।



#### अंग्रेजी शाला संचालित

बालक पूर्व माध्यमिक शाला में हिंदी व अंग्रेजी माध्यम की कक्षा स्वीकृत है। क्लास रूम की कमी के चलते जर्जर भवन में हिंदी मीडियम की कक्षाएं संचालित हो रही है जबकि अंग्रेजी मिडिल स्कूल को बस स्टैन्ड के समीप पुरानी प्राथमिक शाला के भवन में संचालित किया जा रहा है। एक संस्था के दो स्थानो में संचालित होने से शिक्षकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

#### मांग की गई

बीईओ एसकेधींवर ने बताया कि जर्जर स्कूल भवन की जानकारी अधिकारियो को दी गई है। जल्द ही जीर्ण शीर्ण हो चुके भवन को हटाने की मांग की गई है।



#### पालक और बच्चे रहते हैं भयभीत

सरकारी मिडिल स्कूल में गरीब तबके के बच्चे पढते है। पालक रामकुमार, सुनील, शत्रुहनलाल , बिसाहूराम, खिलावन राम ने बताया कि बच्चे जब तक वापस घर नही लौटते है तब तक अनहोनी की आषंका से घबराए रहते है। पालको ने बताया कि सबसे अधिक भयभीत बारिश के दिनों में रहते हैं।

#### कलेक्टर के निर्देश पर अमल नहीं

कुछ माह पहले कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जर्जर मिडिल स्कूल भवन का निरीक्षण किया था। उन्होंने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अधिकारियों को जर्जर भवन को डिस्पेंटल करने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। कलेक्टर के निर्देश बाद भी अधिकारी बने हुए हैं।

---

# नियम का उल्लंघन करना पड़ेगा भारी, कटेगा चालान



- दो से बीस हजार तक का कट रहा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नर्मदा से होकर गुजरने वाले वाहनों का यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य हो गया है। नियम का उल्लंघन करने पर ई चालान कटना तय है। बहुत से वाहन चालकों को उनके वाहन का ई-चालान कटने का मैसेज भेजा जा चुका है। चालान की राशि दो से बीस हजार तक होने की जानकारी मिली है।

ज्ञात हो कि नर्मदा में आरटीओ ने कैमरा लगा रखा है जिसकी मानिटरिंग भी शुरू हो गई है। क्षेत्र में ऐसे बहुत से वाहन है जिनके ई-चालान कटने की सूचना भेजा गया है।

वह वाहन जो नर्मदा चौक से गुजरने के दौरान यातायात नियम का पालन नहीं कर रहें हैं का ई-चालान कटना शुरू हो गया है। वाहन चालक के रजिस्टर मोबाईल पर इसकी सूचना भेजा जा रहा है। ग्रामीण इलाका होने पर अब तक वाहन चालक यातायात नियम का कड़ाई से पालन करते नहीं आ रहें थे किन्तु अब नियमों का उल्लंघन करने पर मोटी रकम चालान के रूप में जमा करना होगा।

#### दस्तावेज होना आवश्यक

जानकारी अनुसार वाहन चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, प्रदूषण नियंत्रण, सीट बेल्ट, गति सीमा आदि का उचित पालन करना होगा। उल्लंघन करने पर ई-चालान कट सकता है। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने, गलत दिशा, ओवर लोड आदि पर भी चालान भरना पड़ सकता है। प्रत्येक उल्लंघन पर आरटीओ विभाग की निर्धारित राशि के आधार पर चालान कटेगा।

#### स्वीकार भी, विरोध भी

नर्मदा में कट रहे ई चालान को लेकर कुछ ग्रामीण इसे स्वीकार कर रहे है। उनका कहना है कि इससे सड़कों पर चलने वाले वाहन चालक नियम का पालन करते हुए वाहन चलाएंगे जिससे दुर्घटना में कमी आएगी। दूसरी ओर वाहन चालक इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि नर्मदा में यातायात का दबाव नहीं रहता। ऐसे स्थान पर ई-चालान काटना उचित नहीं है।

#### जितनी बार उल्लंघन, उतनी बार चालान

वाहन चालक जिनका ई-चालान कटा है ने बताया कि बीमा नहीं होने की स्थिति में दो हजार तथा प्रदूषण नियंत्रण का 3 सौ का चालान काटा गया है। कुछ वाहन चालक जिन्हें अपने वाहन का ई-चालान कटने की जानकारी नहीं थी और दो तीन बार वहां से गुजरे हैं तो हर बार अलग अलग चालान काटा गया है। एक ही वाहन का दो तीन बार चालान कटने की जानकारी मिली है।

---

# शहादत को लोगों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



सिख समुदाय के 9 गुरु तेज बहादुर की 350 वी शहादत पर स्थानीय गुरुसिंह सभा के तत्वाधान में शोभायात्रा निकालकर नमन किया गया। शोभायात्रा में सिख समुदाय के अलावा अन्य धार्मिक संस्था, समाजिक जन एवं राजनीतिक दलों के जन प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने उनकी शहादत को नमन किया। उन्हे श्रद्धांजलि देते हुए उनकी वीरता एवं देश भक्ति को याद किया। शोभायात्रा गुरुद्वारा से शुरू होकर रेलवे चौक, खंडूपारा, जयस्तंभ चौक, गोल बाजार होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंची। शोभायात्रा में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, विष्णु लोधी, तरुण हथेल, धीरज मेश्राम, नलिनी मेश्राम, डॉ भगवती वर्मा, हरीश भंडारी, शिशुपाल भारती, सुरेंद्र अंबादे, मनोज कांडे आदि शामिल हुए।

### वोटर पुनरीक्षण में भागीदारी का आव्हान

**पटेवा।** भाजयुमो के जिला मंत्री उज्जवल कसेर ने विशेष सघन पुननिरीक्षण अभियान की सराहना करते हुए इसे लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से शुद्ध, त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार होगी। उन्होंने सभी युवाओं से पुननिरीक्षण कार्यक्रम में सहभागिता निभाते हुए नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का आह्वान किया। उन्होंने मोर्चा कार्यकर्ताओं और नागरिकों से बूथ लेवल अधिकारियों का सहयोग करने की भी अपील की है।

### खड़गांव में क्रिकेट स्पर्धा एक से

**खड़गांव।** ग्राम में आगामी एक दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता रखा गया है। स्पर्धा में आसपास की क्रिकेट टीमों को आमंत्रित किया जा रहा है। विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। ग्राम के लक्की गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता की व्यापक तैयारियां की जा रही है।

---

# चकनार में मितानिनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार में सोमवार को मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मितानिन जलवंतीन पटेल, तीर्थ दुबे, भुखिन जंघेल, सुनीति, गायत्री, शाहजादी को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच वंदना पटेल ने मितानिनों के समर्पण को ग्राम की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच एवं टीकाकरण, बच्चों के पोषण की निगरानी, टीकाकरण, मलेरिया, डेंगू, वायरल से बचाव, सुरक्षित पेयजल का महत्व आदि के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में लालचंद पटेल, भैरव साहू, रूपसिंह, अरविंद जंघेल, रेखा जंघेल, दीप्ति दुबे, कुंदन बिजल यादव आदि शामिल हुए।

# रकबा सुधार कराने उमड़े किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

- रकबा में गड़बड़ी से धान नहीं बेच पा रहे किसान
- नहीं हो रहा रिकार्ड में सुधार



स्थानीय तहसील कार्यालय में गिरदावरी सुधार कराने किसानों की भीड़ उमड़ रही है। क्षेत्र के बहुत से किसानों का एग्री स्टेट पोर्टल में फसल या तो शून्य बता रहा है यह धान की जगह पर अन्य फसल बता रहा है। कई किसानों का रकबा ही गायब है। गड़बड़ी में सुधार कराने के लिए तहसील कार्यालय का किसान चक्कर काट रहे थे किन्तु राहत नहीं मिल रही है।खैरा ब के सूर्यकांत सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार को तहसील कार्यालय में संशोधन कराने आया था।

यहां संशोधित किया जाना बताया गया किंतु एग्री स्टेक पोर्टल में अब तक सुधार नहीं हुआ है। अब उसे धान बेचने में परेशानी आ रही है। इसी तरह सैकड़ो किसान एग्री स्टेकपोर्टल पोर्टल पर रकबा अंकित कराने एवं गिरदावरी में संशोधन कराने सोमवार को तहसील कार्यालय में पहुंचे थे किन्तु किसी भी किसान का संशोधन नहीं हुआ है। नायब तहसीलदार रामलखन चौहान ने बताया कि संशोधन के लिए पहुंचे किसानों का संशोधन कर दिया गया है किंतु एग्री स्टेकपोर्टल में संशोधन के लिए संबंधित सोसायटी से संपर्क करना होगा।

---

## महानिरीक्षक ने किया सालाना परेड का निरीक्षण

# गुहार सुनने मोहला में लगा आईजी का दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य ने गत दिनों रक्षित केंद्र मोहला परेड ग्राउंड में आयोजित वार्षिक परेड का निरीक्षण किया। महानिरीक्षक श्री शांडिल्य का पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत कुमार सिंह पैकरा एवं उप पुलिस अधीक्षक आप्स ताजेश्वर दीवान ने स्वागत किया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप ने सलामी दी। परेड निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट वेशभूषा धारण करने वाले पुलिस अधिकारी एवं जवानों को पुलिस महानिरीक्षक ने पुरस्कृत किया। मार्चपास्ट के दौरान परेड कमांडर एवं प्लाटून कमांडरों ने दाहिने देख की कार्रवाई के साथ सलामी दी।



#### कार्यकुशलता की प्रशंसा

पुलिस महानिरीक्षक ने नवीन जिले में सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक, अधिकारी-कर्मचारी एवं डीआरजी टीम की सराहना की। महिला कर्मचारियों की निष्ठा और कार्यकुशलता की प्रशंसा की। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

#### दिए आवश्यक निर्देश

वार्षिक निरीक्षण के द्वितीय चरण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय मानपुर एवं थाना चिल्हाटी के भवन की सफाई, शासकीय संपत्ति के रखरखाव, जांच-विवेचना एवं रिकार्ड की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। दिए गए निर्देशों के पालन हेतु समय-सीमा में कार्रवाई कर प्रतिवेदन प्रेषित करने निर्देशित किया गया।

#### पर्यावरण का संदेश

वार्षिक निरीक्षण के दौरान रक्षित आरक्षी केन्द्र मोहला और एसडीओपी कार्यालय मानपुर परिसर में अधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं, सुझावों एवं गुजारिशों के समाधान हेतु दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर पुलिस महानिरीक्षक का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में पुलिस अधीक्षक ने आधारभूत संरचना, सीमित संसाधनों में उपलब्धियां, शासकीय आवासों के अभाव एवं महिला पुलिस अधिकारियों की अनुपस्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया। कुछ अधिकारी-कर्मचारियों ने निजी कारणों से स्थानांतरण की गुजारिश की।

#### दरबार में रही अधिकारियों की उपस्थिति

अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह पटेल ने आभार व्यक्त किया। आयोजित दरबार में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर प्रशांत कुमार सिंह पैकरा, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स राजेश्वर दीवान, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अंबागढ़ चौकी नोहर सिंह मंडावी, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी अश्वनी राठौर, थाना प्रभारी मोहला ईश्वर ध्रुव, थाना प्रभारी गोटाटोला संदीप टोप्पो, थाना प्रभारी खड़गांव संजय यादव, थाना प्रभारी मानपुर बृजेश सिन्हा, थाना प्रभारी मदनवाड़ा खोमन भंडारी, प्रभारी साइबर सेल राजीव तिवारी, थाना प्रभारी कोहका सुरेंद्र नेताम, चौकी प्रभारी पाटनखास गणेश यादव एवं अन्य उपस्थित थे।

---

# शिक्षिका स्वाति गंधर्व नागपुर में सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा में शामिल होने गए छत्तीसगढ़ के 50 शिक्षकों और विद्यार्थियों के दल ने नागपुर में आयोजित अपूर्व विज्ञान मेला में अपनी सक्रिय सहभागिता से नाम रोशन किया है। प्राथमिक शाला केसला की प्रधान पाठिका स्वाति गंधर्व ने ब्लॉक का प्रतिनिधित्व किया। नेस्ट अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला तथा लखन साहू के मार्गदर्शन में विभिन्न जिलों से आए विज्ञान संचारकों के लिए महामेट्रो नागपुर ने साइंस स्पीक कार्यक्रम अंतर्गत जीरो माइल स्टोन मेट्रो स्टेशन से लगातार दो घंटे तक विज्ञान चर्चा सत्र आयोजित किया था। इस सत्र में विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण, शोध, नवाचार और तकनीक से जुड़े विषयों पर विस्तृत विमर्श हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों, विज्ञान संचारकों और विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। मेरठ से आए दीपक शर्मा ने श्रीमती गंधर्व के पर्यावरण सुरक्षा हेतु उठाए गए कदमों की सराहना की।

## खबर संक्षेप



### अधिकारी को हटाने की मांग

**घुमका।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कृषक सेवा सहकारी समिति के अधिकारी को पद से हटाने की मांग करते हुए अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कम दाम में खरीदे गए धान को खपाने का आरोप लगाया है। विधायक ने कृषि भूमि पर बोई गई फ़सल के रकबा को पंजीकृत करने, मौसम की मार से प्रभावित फ़सल की क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान फूलमती, जयकुमार वर्मा, खेमचंद, पप्पू वर्मा, पीयूष दुबे, राकेश वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, प्रहलाद यादव, छन्नू आदिल, पीतांबर निषाद, जितेंद्र साहू, खुमान साहू, नारायण यादव, एकांत दुबे, ओमकार वर्मा, दानी वर्मा, संतोष देवांगन, रामचंद्र वर्मा उपस्थित थे।

### पालिका अध्यक्ष ने किया मितानिनों का सम्मान



**डोंगरगढ़।** मितानिन दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने मितानिनों का सम्मान किया। इस दौरान अध्यक्ष श्री डोंगरे ने सभी मितानिनों को शाल, श्रीफल एवं साडी दिया। उन्होंने कहा कि सरकार और जनता के बीच मितानीन हीं एक ऐसी कडी है जो योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाती है और समय रहते उन्हें लाभ दिलाने में अपनी भूमिका निभाती है। इस दौरान लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रकाश चौरडिया, कुलवंत कक्कड़, महेंद्र अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सविता दरगढ, विनीत यादव, विवेक मोनू भंडारी, अमित जैन, देवेंद्र साखरे, सुमित ताम्रकार, रतन कोसे, शारदा यादव, बबिता मलागार, रेखा राघवते, शिवांगी साखरे, हरीश मोटघरे, अनीश निर्मलकर, लक्ष्मी यादव, अनीता इंदुरकर सहित अन्य मौजूद थे।

### पटेल सामाजिक भवन का लोकार्पण



**डोंगरगढ़।** वार्ड 1 में कोसरिया मरार पटेल समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। इस अवसर पर विधायक बघेल ने समाज को शिक्षित और संगठित करने पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से नशा पान त्यागने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि सभी सामाजिक जन व्यसनों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उनकी शिक्षा को प्राथमिकता दें। कार्यक्रम में नवाज खान, भुनेश्वर बघेल, रमन डोंगरे, विजय राज चौहान, विनायक राव, रूपेश सहित अन्य शामिल हुए।

## कांग्रेस के बीएलए लेवल कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

# बूथ लेबल पर सजग रहें कांग्रेस के कार्यकर्ता : चौबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान




प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार स्थानीय मंगल भवन में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित बीएलए लेवल कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के प्रभारी रविंद्र चौबे एवं अरुण वोरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए अरुण वोरा ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी जिम्मेदारी और केटेगिरी का ध्यान रखते हुए लगातार बूथ स्तर पर सक्रिय रहना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी 10 दिन तक लगातार मतदाताओं के बीच रहेंगे, तभी मतदाता सूची में नाम जुड़ाने का कार्य पूरी तरह सफल होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गजेंद्र ठाकरे, कमलजीत पिंटू, दशमत जंघेल, लाल मिहिर झा, तारकेश्वर शाह, खुसरो, गिरिराज किशोर दास, भीखम चंद छाजेड़, रामकुमार पटेल, भाग्येश यादव, मोहम्मद खान, मन्नू चंदेल, रोहित पुलस्त्य संजू चंदेल, सज्जाक खान, आलोक यादव, संदीप सिरमौर, अरशद हुसैन, राज सोलंकी, सुनील पांडे, नीलेंद्र शर्मा, अमित टंडन, क्रांति ताम्रकार, आरती महोबिया, मनीष कोचर, नित्यशरण सिंह, हिमाचल सिंह, नरेंद्र सेन, कैलाश जंघेल, दीपक वैष्णव, कविता जंघेल, हेमलता ठाकुर, किशन रजक, कोमल वर्मा, कमलेश यादव, प्रेमलाल साहू, डॉ. सरजू वर्मा सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सज्जाक खान ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने किया।

### हर बूथ पर कांग्रेस का सजग सिपाही तैनात रहेगा

अपने उद्बोधन में रविंद्र चौबे ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ना ही सभी कार्यकर्ताओं की प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा अब जिले में वोट चोरी नहीं होने देंगे। हर बूथ पर कांग्रेस का सजग सिपाही तैनात किया जाएगा। जिले के 283 बूथों पर बीएलए की टीम मजबूत करनी होगी। उन्होंने आगे कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रत्येक बूथ की सूची समय पर भेजनी होगी और 2003 की वोटर लिस्ट सहित सभी आवश्यक दस्तावेज रखना अनिवार्य है। सभी मतदाताओं के प्रपत्र भरकर उसकी पावती लेना भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में गिरवर जंघेल, मोतीलाल जांघेल, नीलांबर वर्मा, मिहिर झा सहित वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने भी मार्गदर्शन दिया।

# अपूर्व विज्ञान मेला, नागपुर में बढ़ाया प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा दल ने प्रदेश का गौरव

## केन्द्रीय मंत्री गड़करी ने मोमेन्टो देकर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे 50 शिक्षकों और विद्यार्थियों के दल ने महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित अपूर्व विज्ञान मेला में सक्रिय सहभागिता से प्रदेश का नाम रोशन किया। जिले का प्रतिनिधित्व पूमाशा भूलाटोला के विज्ञान संचारक अशोक जंघेल का सम्मान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया। संस्था के लखनलाल साहू ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए विज्ञान संचारकों के लिए महामेट्रो नागपुर द्वारा साइंस स्पार्क कार्यक्रम अंतर्गत जीरो माइल मेट्रो स्टेशन से लगातार दो घंटे विशेष विज्ञान चर्चा सत्र आयोजित किया गया। जिसमें रोजमर्रा के विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण, शोध, नवाचार और तकनीक से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विमर्श हुआ। उक्त मेट्रो ट्रेन केवल विज्ञान संचारकों के लिए विशेष तौर पर संचालित किया गया। इस दौरान दल ने रमन साइंस सेंटर और यंग कलाम साइंस सेंटर का भ्रमण किया, जहाँ शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक मॉडल, अंतरिक्ष प्रदर्शनी, रोबोटिक्स और विज्ञान आधारित प्रयोग को स्वयं प्रयोग कर नजदीक से समझा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों, विज्ञान संचारकों और विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए कहा कि विज्ञान का उद्देश्य समाज की समस्याओं का समाधान ढूँढना और राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर आगे ले जाना है। दल अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के मार्गदर्शन में भुवनेश्वर मरकाम, अशोक जंघेल, कुमार मंडावी, समीक्षा, मनीष कुमार अहीर, संध्या कुशल, भारती तिवारी, बृजलाल मंडावी, हपका मुत्ता,आत्मा साहू, पूरन लाल साहू सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## जिपं उपाध्यक्ष ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

**खैरागढ़।** ब्लॉक अंतर्गत सेवा सहकारी समिति अमलीडीह कला में धान खरीदी का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया। किसानो का फूलमाला से स्वागत बाद तराजू में धान तौलकर खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए किसानों से संवाद स्थापित किया और शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। खरीदी केंद्रों में सुचारु और पारदर्शी प्रक्रिया के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुदृढ़ की गई हैं। उन्होने कहा कि सरकार का पूरा प्रयास है कि कोई भी किसान लंबी प्रतीक्षा का शिकार न हो। खरीदी केंद्रों में सभी व्यवस्था मजबूत कर मॉनिटरिंग टीमों को सक्रिय किया गया है।

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को सुदृढ़ करने जारी प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उनकी प्रगति के लिए सरकार संवेदनशीलता के साथ काम कर रही हैं। इस दौरान विक्रांत सिंह के साथ मौजूद जनप्रतिनिधियों ने खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्या सुझाव को भी जाना। केंद्र कर्मचारियो से कहा कि खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यक्रम में पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू, जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेन्द्र त्रिपाठी, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, नरेश कुर्रे, चंदू वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# देहरादून में फहराया परचम ओवर आल चैंपियन बनी टीम




- 253 खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला वन कर्मचारी संघ हिमाचल प्रदेश के देहरादून में आयोजित 28 वीं अखिल भारतीय वन खेल कूद स्पर्धा में प्रदेश की टीम को ओवरऑल चैंपियन टीम बनने पर बधाई दी। संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक देवांगन ने बताया कि प्रदेश की टीम मे शामिल 253 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 74 स्वर्ण, 34 रजत और 42 कांस्य पदक जीतकर 578 अंक के साथ लगातार 13वीं बार ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

महिला बास्केटबॉल में शामिल खैरागढ़ से खेल रही भारती भूआर्य के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम ने रजत पदक हासिल किया। भारती पिछले 7 सालों से छत्तीसगढ़ वन महिला बास्केटबॉल टीम का हिस्सा हैं। बीते साल इस टीम ने स्वर्ण पदक जीता था। इस बार फाइनल में हिमाचल प्रदेश के साथ कड़ी टक्कर के दौरान अंतिम मिनट में हिमाचल ने एक अंक की बढ़त बना ली, जिसके चलते प्रदेश की टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वन मंत्री केदार कश्यप ने सभी विजेता टीमों व खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी है। जिले से वन विभाग के डीएफओ पंकज सिंह राजपूत, एसडीओ मोना माहेश्वरी और टीआर रहंगडाले सहित कर्मचारी भारती भूआर्य, योगेश कोर्राम, सत्येन्द्र वर्मा शामिल थे। बेहतरीन खेल प्रतिभा से जिले का नाम रोशन करने पर जिला अध्यक्ष अभिषेक देवांगन, संरक्षक लाल हर्षबहादुर सिंह, उपाध्यक्ष आनंद यादव, अमित चावले, योगेंद्र जंघेल, रूपेंद्र साहू, चंदन मिर्चे, शेख सफी सहित अन्य ने बधाई दी है।

# तिरुपति में कुलपति के सितार की मधुर झंकार, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त सितार वादिका और इंदिरा कला संगीत विवि की कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने तिरुपति मंदिर परिसर में अपने अद्भुत प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

लगभग एक घंटे तक चले भव्य कार्यक्रम में डॉ शर्मा ने राग जोग की आलाप, जोड़, झाला और विलंबित व द्रुत गत त्रिताल में रागदारी, सुमधुर सूक्ष्म स्वर संयोजन और प्रस्तुति की सुगठित संरचना ने संगीत रसिकों को अभिभूत और श्रोताओं को आध्यात्मिक व सांगीतिक आनंद से सराबोर कर दिया। सवाल-जवाब जुगलबंदी के दौर में आनंद और सौंदर्यबोध का ऐसा वातावरण बना कि सभा में उपस्थित श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट और प्रशंसा के साथ भरपूर सराहना की। कार्यक्रम में तबले पर संगत अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त फ़र्रुखाबाद घराने के तबला वादक पंडित अवध सिंह ठाकुर ने की, जिनकी संगत ने प्रस्तुति को और भी प्रभावशाली बना दिया। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि तेज बारिश के बावजूद श्रोता कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे और संगीत का आनंद लेते रहे। पूरी प्रस्तुति का प्रत्येक क्षण भक्तिमय, अविस्मरणीय और उत्कृष्ट कला साधना की अनुभूति कराता रहा और आयोजन सांस्कृतिक कैलेंडर में एक स्मरणीय अध्याय के रूप में दर्ज हो गया।

## सौजन्य भेंट...



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव का दिग्विजय क्लब के सदस्यों किशोर बेलावाला, आनंद वर्गीस, डीआर यादव, सुशील पंसारी और राजा मखीजा ने स्वागत किया और क्लब के बारे में जानकारी दी।

# पानी सप्लाई के लिए करें आवश्यक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने गुरुवार को जल विभाग के अधिकारियों एवं वाल्वमेन की बैठक लेकर समुचित पेयजल सप्लाई के लिए व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल सप्लाई महत्वपूर्ण विषय है। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जल विभाग का पूरा अमला सामंजस्य बनाकर कार्य करें।

आयुक्त विश्वकर्मा ने सभी वाल्वमेनों से टंकियों के संबंध में जानकारी लेकर काम में आने वाली परेशानी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि टंकी एवं पानी सप्लाई में किसी प्रकार की खराबी या परेशानी हो तो बताएं। जिसका निराकरण किया जा सके। वाल्वमेनों को जानकारी दी कि कुछ टंकियां लिकेज है, जिसे



मरम्मत की आवश्यकता है, कुछ की सफाई करनी है, कहीं पर वाल्व लिकेज है तथा टंकी के नीचे सफाई करनी है व चेम्बर बनाना है।

आयुक्त विश्वकर्मा ने अधिकारियों से कहा कि वर्तमान में ठंड का मौसम चल रहा है। आगामी ग्रीष्म ऋतु के पूर्व प्लान कर सभी आवश्यक मरम्मत कर व्यवस्था दुरूस्त कर लें, लिकेज ठीक करना है, मरम्मत कर वाल्व लगाना है, जिन टंकियों की सफाई नहीं हुई है, उसकी सफाई कर लें, जहां-जहां पाईप लाइन मरम्मत की आवश्यकता है, वहां पाईप लाइन मरम्मत कर लें। जिससे गर्मी में सुचारू पेयजल सप्लाई हो सके। टांकियों के पास एवं पंप हाउस में पर्याप्त लाईट की व्यवस्था करें, जहां पर पोताई एवं साफ-सफाई की आवश्यकता है, वहां पोताई कर सफाई कराएं। उन्होंने अधिकारियों के कहा कि संबंधित अधिकारी एवं वार्ड के उप अभियंता अपने-अपने वार्ड में टंकी एवं पाईप लाइन की जांच कर आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करें। आयुक्त वाल्वमेनों से कहा कि टंकी पूरा भरने के पश्चात ही वाल्व चालू करें, वाल्व खोलने के पश्चात पाईप लाइन लिकेज, कम पानी आने, पानी नहीं आने आदि का अपने-अपने क्षेत्र में जांच करेंगे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों को दी कानूनी जानकारी

# पुलिस का जन-जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला पुलिस यातायात विभाग द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत सड़क दुर्घटनाओं से बचने, दुर्घटना होने पर बचाव के उपाय और साइबर फ्रॉड के विभिन्न पहलुओं पर बचाव को लेकर सरस्वती विद्या मंदिर मे स्कूली बच्चो के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्कूली छात्र छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं के चलते बढ़ते चिंताजनक आकड़ों की जानकारी दी। नाबालिग बच्चों को यातायात के सामान्य नियमों की जानकारी नही होने पर दुर्घटना का शिकार होने को बड़ा कारण बताया वही सड़क दुर्घटना में प्राथमिक उपचार व बचाव के तरीके, कृत्रिम सांस देने, यातायात नियमों का पालन करने, बिना लाइसेंस और बीमा वाहन नही चलाने के अलावा सड़क



सुरक्षा संबंधित राहवीर योजना को लेकर विस्तार से जानकारी दी। साइबर फ्रॉड के संबंध मे डीप फेक कॉल, पार्सल डिलीवरी हैक, जॉब ऑफर स्कैम, वित्तीय लाभ का लालच, ऑनलाइन गेमिंग सहित साइबर से होने वाली अन्य धोखाधड़ी की सिलसिलेवार जानकारी दी और कहा कि किसी भी तरह का साइबर धोखाधड़ी होने की शिकायत टोल फ्री नंबर 1930 पर अवलंब करे। कार्यक्रम मे पुलिस अधिकारियो ने महिला अधिकार, बालक /बालिकाओं को गुड टच-बैड टच के बारे मे जानकारी भी दी गई।

### शराब पीकर वाहन चलाना पड़ रहा भारी

जिले में अब शराब पीकर दुपहिया चार पहिया वाहन चलाना मतलब जेब हल्का करना हो गया है। जिला पुलिस सड़क दुर्घटनाओं को रोकने लगातार प्रयासरत है और शराब पीकर वाहन चलाने वालो के विरुद्ध लगातार सख्त कारवाई कर रही है। बीते कुछ दिनों में लगातार तेज कारवाई कर दस अलग-अलग जगहों पर कारवाई करते हुए 10 प्रकरणों को न्यायालय में पेश किया गया जहॉ प्रत्येक प्रकरण में दस दस हजार रूपयों के भारी भरकम अर्थदंड से दंडित किया गया वही चालकों का लाइसेंस निलंबन की कारवाई के लिए परिवहन विभाग को भेजा गया।

### युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने किया यूनिटी मार्च का स्वागत

**राजनांदगांव।** एकता का संदेश लेकर छत्तीसगढ़ के 68 युवा मोर्चा कार्यकर्ता यूनिटी मार्च में शामिल होने नागपुर रवाना हुए। नागपुर जाते वक्त प्रदेश युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के नेतृत्व में जा रहे 68 युवा मोर्चा साथियों का राजनांदगांव आगमन पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह के नेतृत्व में युवा मोर्चा टीम ने स्वागत किया। स्वागत पश्चात जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने इस सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरूण लहरवानी, उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया सहित जिला युवा मोर्चा से पिंटू वर्मा, शिवम यादव, उज्जवल कसेर, चिंटू सोनकर, आशुतोष सिंह, कमलेश प्रजापति, साकेत वैष्णव, यश पारख, उत्तर-दक्षिण मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह, प्रखर श्रीवास्तव, जस्मित भाटिया, आशीष जैन, आदित्य पराते, नितेश नायक, सुवितेश श्रीवास्तव, रवि राजपूत, रोहित सिन्हा, आशीष सिन्हा, अंकित देवांगन, प्रिंस राजपूत, संयम जैन, हर्ष चौधरी, सौरभ सिंह राजपूत, सिद्धार्थ दास, दिव्यांश आदि उपस्थित थे।

# श्रम कानून में व्यापक बदलाव कामगारों के हित में : योगेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष एवं श्रमिक नेता योगेश दत्त मिश्रा ने श्रम कानूनों में व्यापक बदलाव के केंद्र सरकार के निर्णय का स्वागत करते कहा कि पिछले 7 दशक से भी अधिक पुराने श्रम कानूनों को बदलकर देश के कामगारों को बहुप्रतीक्षित तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि 1948 में लागू किए गए श्रम कानून हकीकत में अंग्रेजी शासनकाल के लेबर एक्ट का ही प्रारूप था, तब का औद्योगिक माहौल दूसरे ढंग का, आज देश में औद्योगिक वातावरण अलग तरीके का हो गया है, इसे ध्यान में रखकर नए कानून का सृजन किया गया है। जिससे मजदूरों के बुनियादी अधिकार बनेंगे।

श्री मिश्रा ने कहा कि इस कानून की सबसे बड़ी खासियत न्यूनतम वेतन की गारंटी है। देशभर के लिए न्यूनतम वेतन और फ्लोरवेज तय कर हर मजदूर को कम से कम एक आधारभूत वेतन की गारंटी देता है और समान काम का समान वेतन पर भी जोर देता है। इसके अलावा भविष्य निधि, स्वास्थ्य सुरक्षा बीमा का दायरा बढ़ाकर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को भी इसका लाभ देने का प्रावधान है। बिना नियुक्ति पत्र के मजदूरों को काम पर रखना गैरकानूनी होगा। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के हितों की व्यापक रक्षा की गई है, ऐसे करोड़ों-करोड़ों मजदूर जो सामाजिक सुरक्षा न्यूनतम वेतन भविष्य निधि व स्वास्थ्य बीमा योजना से वंचित थे, उन्हें इस योजना के दायरे में लाया जा रहा है। श्री मिश्रा ने बताया कि अब परिवार की परिभाषा में सास-ससुर को भी लाया गया है। मजदूर हितों की व्यापक सुरक्षा के लिए मोदी सरकार के निर्णय की सराहना करते कहा कि इससे देश में औद्योगिक शांति बनी रहेगी।

## सार समाचार

### शोभायात्रा में जुटेगा समाज



**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति पं. क्र. 5041 राजनांदगांव में समाज के संगठनों, विभिन्न समितियों एवं महिला मंडल में संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जयंती को लेकर उत्साह है। जयंती को लेकर एक संयुक्त बैठक 16 नवंबर को सतनाम भवन स्थित गुरू घासीदास सांस्कृतिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को भव्य रूप में मनाने विचार-विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष युवराज ढिरहे, उपाध्याय कमलेश्वर सान्डे, प्रतिमा बंजारे, महामंत्री कमल लहरे व सचिव ऋषि खरे ने बताया कि इस बैठक में सतनामी समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, महिला मंडल के सदस्यों, अधिकारी-कर्मचारियों, ब्लॉक अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों को उपस्थित होकर सुझाव देने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि बैठक में 17 दिसंबर को संस्कारधानी में गुरु घासीदास जी की भव्य शोभायात्रा झांकी, पंथी प्रतियोगिता, अखाड़ा के साथ किया जाएगा एवं 18 दिसंबर को गुरुपर्व सहित महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल समारोह आदि विषयों पर चर्चा कर सभी की सहमति व विचारों के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। उक्त जानकारी युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री हरीश सोनवानी ने दी।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री एवं महापौर द्वारा धीवर समाज के 7 दिसंबर को धमतरी में होने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन पोस्टर का विमोचन



किया गया एवं कार्यक्रम में आने की सहमति दी। 7 दिसंबर को धमतरी के स्व. विष्णुप्रसाद हिरवानी एकलव्य खेल परिसर में आयोजित होने वाले धीवर समाज के प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं रामू जगदीश रोहरा महापौर द्वारा किया गया । प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन के मुख्य अतिथि में पधारने का निमंत्रण समाज द्वारा निवेदन सहित आग्रह किया गया, जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति दिया गया। समाज द्वारा रायपुर में धीवर समाज के छात्रावास भवन निर्माण हेतु भूमि प्रदान करने ज्ञापन सौंपा गया, जिस पर भी मुख्यमंत्री द्वारा शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया। ज्ञापन देने के लिए समाज के प्रतिनिधि मंडल में परमेश्वर फुटान संरक्षक धीवर समाज महासभा एवं महासंरक्षक धमतरी परगना, नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा अध्यक्ष, सोनूराम नाग कोषाध्यक्ष, कृष्णा हिरवानी प्रदेशाध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ महासभा, निर्मल फुटान, करण हिरवानी, नरेश हिरवानी आदि शामिल थे।

### संत गुरू घासीदास जयंती पर होंगे कई आयोजन



**राजनांदगांव।** संत शिरोमणि गुरू घासीदास की जयंती को लेकर सतनामी समाज में उत्साह चरम पर है। जिला सतनामी सेवा समिति पंजीयन क्रमांक 5041 राजनांदगांव के बैनर तले समाज के विभिन्न संगठनों, समितियों एवं महिला मंडल की संयुक्त बैठक गुरू घासीदास सांस्कृतिक भवन सतनाम भवन में आयोजित की गई। बैठक में जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को भव्य स्वरूप देने पर व्यापक चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष युवराज ढिरहे, उपाध्यक्ष कमलेश्वर सान्डे, प्रतिमा बंजारे, महामंत्री कमल लहरे, कोषाध्यक्ष संजीव बंजारे और सचिव ऋषि खरे ने बताया कि सतनामी समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, महिला मंडल, अधिकारी-कर्मचारियों, ब्लॉक अध्यक्षों और जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम को सफल बनाने सुझाव आमंत्रित किए गए। उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर को संस्कारधानी में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें झांकी, पंथी नृत्य प्रतियोगिता और अखाड़े की प्रस्तुति शामिल रहेगी। इसके बाद 18 दिसंबर को गुरुपर्व तथा महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, प्रतियोगिताएं सहित अन्य आयोजनों पर सभी की सहमति से रूपरेखा तय की गई। बैठक में पारित निर्णयों की जानकारी युवा प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री हरीश सोनवानी ने दी।

### विद्यार्थियों ने किया मुक्तिबोध स्मारक का भ्रमण

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय के निर्देशन एवं प्राध्यापक डॉ.



प्रवीण कुमार साहू के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने त्रिवेणी परिसर स्थित मुक्तिबोध संग्रहालय का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान डॉ. प्रवीण कुमार साहू ने विद्यार्थियों को बताया कि मुक्तिबोध संग्रहालय छत्तीसगढ़ का एकमात्र साहित्यिक तीर्थ है। यहां देशभर से विद्यार्थी, शोधार्थी एवं साहित्यकार भ्रमण के लिए आते हैं। दिग्विजय कॉलेज में साहित्यकार गजानन माधव मुक्तिबोध एवं डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी ने प्राध्यापक के रूप में अध्यापन कार्य किया था। डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र इस नगर में जन्मे साहित्यकार एवं राजनीतिज्ञ थे, जो साकेत संत के रूप में प्रख्यात हैं। इन तीनों महान विभूतियों की स्मृतियों, कृतियों एवं अमूल्य वस्तुओं को मुक्तिबोध संग्रहालय में संग्रहित कर संरक्षित रखा गया है। जिला प्रशासन द्वारा सन 2005 में इस संग्रहालय की स्थापना की गई। विद्यार्थियों ने संग्रहालय में डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र की विभिन्न दुर्लभ तस्वीरें, रचनाओं एवं उनकी साहित्यिक उपलब्धियों को देखा। बक्शी की किताबें, बाल साहित्य एवं उनके दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं का अवलोकन किया। विद्यार्थियों में चेतना सिन्हा, जानवी, दामिनी, करीना, बरखा, जयकुमारी, भोजराम, वंदना, प्रमोद आदि शामिल थे।

### फुटबाल स्पर्धा में साइंस कॉलेज चैम्पियन

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव में आयोजित अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में राजनांदगांव परिक्षेत्र की कुल 8 टीमों ने भाग लिया।



प्रतियोगिता में शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रथम मैच में शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय की टीम ने सीआईडी महाविद्यालय राजनांदगांव को शानदार खेल दिखाते 2–0 से हराया। सेमीफाइनल मुकाबले में भी टीम का दमदार प्रदर्शन जारी रहा, जहां शिवनाथ महाविद्यालय ने डोंगरगांव महाविद्यालय को 2–1 से पराजित किया। फाइनल मैच डोंगरगढ़ महाविद्यालय की टीम के साथ खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2–2 की बराबरी पर रही। शिवनाथ महाविद्यालय की ओर से हिमांशु लखहरिया एवं वरयाम सिंह ने गोल किए। मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट के माध्यम से हुआ। जिसमें शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते 5–4 से जीत दर्ज कर इतिहास रचा। यह पहला अवसर है जब शिवनाथ महाविद्यालय की फुटबॉल टीम ने इस प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की है।

## कलेक्टर ने धान उठाव के मद्देनजर जिले के सभी मिलर्स की बैठक ली

# जीपीएस ट्रेकिंग से धान के उठाव की मिलेगी रियल टाइम जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मिलर्स के पंजीयन एवं धान उठाव के मद्देनजर जिले के सभी मिलर्स की बैठक ली।

कलेक्टर ने कहा कि मिल के पंजीयन तथा दस्तावेज के संबंध में जो दिक्कत आ रही है, उसके लिए जिला प्रशासन की ओर से संवेदनशीलतापूर्वक हरसंभव समाधान करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। धान का उठाव सरलता से हो सके, इसके लिए जिला प्रशासन एवं मिलर्स धान के उठाव एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए आपसी समन्वय एवं सहयोग से कार्य करेंगे। उन्होंने मिलर्स की तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन करने में आ रही दिक्कतों के समाधान एवं दस्तावेज अपडेट करने के लिए ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान के परिवहन पर रोक लगाने के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि धान धान खरीदी केन्द्र में निगरानी के लिए वालिंटियर्स की ड्यूटी लगा रहे हैं। इस अवसर पर डीएमओ श्रीमती हिना खान एवं अन्य अधिकारी व मिलर्स उपस्थित थे।




### एप से करेंगे कार्य

एलर्ट के समाधान के लिए समय निर्धारित किया गया है। अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने मिलर्स से चर्चा की। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने कहा कि गेट पास बनाते समय सावधानी रखने की आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखते हुए अपने स्टॉफ को अच्छी तरह समझाएं, इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सतर्क एप को ध्यान में रखते हुए सभी मिलर्स कार्य करेंगे।

### सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ करें कार्य

धान की आवक की जानकारी के लिए माइक्रोआब्जर्वर की ड्यूटी लगा रहे हैं। सभी मिलर्स सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ इसके लिए कार्य करेंगे। उन्होंने इस संबंध में मिलर्स से चर्चा की। इस दौरान सतर्क एप के संबंध में धान के उठाव एवं मानिटरिंग हेतु जानकारी दी गई। बताया गया कि गेट पास बनाते समय सावधानी से बनाए, इसमें जीपीएस सिस्टम, वाहन की गाड़ी का फोटो, निर्धारित समय तथा जीपीएस ट्रेकिंग से जहां से धान का उठाव किया जा रहा है, वहां से तत्काल रियल टाईम की जानकारी मिलेगी।

## दो दिवसीय विधि उत्सव का आयोजन आज से

**राजनांदगांव।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में 25 एवं 26 नवम्बर को दो दिवसीय विधि उत्सव–2025 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीजे डीआर देवांगन के करकमलों द्वारा किया जाएगा। इस आयोजन की संयोजक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.निमिषा मिश्रा है तथा सह-संयोजक के रूप में सुरभि अग्रवाल कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन, क्विज प्रतियोगिता, केस एनालिसिस एवं एक्सटेम्पोर (तात्कालिक भाषण) जैसी विधिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में विधि ज्ञान, तर्क क्षमता, प्रस्तुतीकरण कौशल तथा संवैधानिक समझ को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम की शैक्षणिक व्यवस्था एवं संचालन में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अल्का चौहान, प्रेरणा तिवारी, अतुल सोनी एवं सोनाक्षी सिरवानी सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

## कांग्रेस नेता की आवाज नहीं दबा सकते महापौर:ओस्तवाल



**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि पीएम आवास को लेकर कांग्रेस नेता की आवाज महापौर नहीं दबा सकते।

पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने महापौर मधुसूदन यादव को आड़े हाथों लेते कहा कि जो भाजपा की सरकार यह कह रही है कि हम गरीब परिवारों को पक्के मकान बनाकर उनके सपनों को पूरा करेंगे। निगम द्वारा आवास आबंटन और राशि वसूली आदि से संबंधित खाली करने का नोटिस जारी किया गया, उस संबंध में युवा नेता निखिल द्विवेदी द्वारा गरीब परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपने साथियों के साथ उनके हक की लड़ाई के लिए सड़क पर उतरकर महापौर मधुसूदन यादव को खुली चुनौती देते उनके निवास का घेराव करने की चेतावनी दी। समाचार पत्रो में प्रकाशित हुआ है कि यह कांग्रेस शासनकाल में लगभग 29 लोगों को अवैध रूप से आबंटित किया गया है। श्री ओस्तवाल ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम के नेता प्रतिपक्ष से कहा कि युवा नेता को साथ में लेकर उन गरीब परिवारों को न्याय दिलाने महापौर सहित निगम में बैठे कुछ लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ एकजुट होकर जनता को न्याय दिलाने का काम करे।

## औंधी क्षेत्र में काउंटर से बिक रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

शराब नीति में कठोर कानून बनने के बावजूद चार-चार थाना 50 किलोमीटर पार होकर शराब का जखीरा जिले के आखिरी तहसील तक पहुंच रहा है। आरोप लग रहा है कि मोटी रकम लेकर औंधी थाना के संरक्षण में इस पिछड़े आदिवासी बेल्ट के गांव-गांव में बसे बाहरी लोग सरकार के सरकारी दुकान की तर्ज पर काउंटर में अवैध शराब बेधड़क परोस रहे हैं, जहां शराब दुकान की तरह हर ब्रांड अवेलेबल है। जबकि अवैध नशे के कारोबार के लिए कलेक्टर तुलिका प्रजापति तथा पुलिस कप्तान वाईपी सिंह ने प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ कठोर कदम उठाने का थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है। बावजूद इस तरह का अवैध धंधा जिले में बेखौफ संचालित है।

उल्लेखनीय की लगातार जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के बढ़ते ग्राफ का कारण प्रशासनिक स्तर पर शराब सेवन को बताया जा रहा है। इसी बीच मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अनुसूचित जनजाति जिले के आखिरी तहसील औंधी में अवैध शराब का कारोबार



लुक-छुप के नहीं बेधड़क काउंटर से चल रहा है। जिसके चलते युवा पीढ़ी के साथ-साथ आदिवासी बाहुल्य गांव में निवासरत ग्रामीण नशे के आगोश में बर्बादी की राह पर है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार औंधी क्षेत्र के कई गांवों में औंधी थाना के संरक्षण में अवैध शराब का बेधड़क कारोबार किया जा रहा है। बताया गया कि इस कारोबार में गांव में बसे बाहरी लोग लिप्त हैं, जो अंग्रेजी शराब के हर ब्रांड के साथ-साथ देशी मदिरा ब्लैक में दोगुनी रेट पर बेच रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों का आरोप है कि इसके एवज में औंधी पुलिस काला धन एकत्रित कर रही है।

### इन गांवों में बेची जा रही है अवैध शराब

ग्रामीणों के मुताबिक जिले के आखिरी औंधी तहसील के मेढा, पालेभट्टी, डोंगरगांव आदि गांवों में बाहरी लोग बेखौफ शराब की हर ब्रांड काउंटर में बेच रहे हैं। जिसका क्षेत्रवासियों ने वीडियो भी बनाया है।

### लिया जाएगा एक्शन

इस तरह की गतिविधि हो रही है, होगी तो पूरे मामले की पड़ताल कर एक्शन लिया जाएगा।

- वाईपी सिंग, पुलिस कप्तान, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी

## ऑल इंडिया ओपन कराते में संस्कारधानी को 24 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

ऑल इंडिया ओपन कराते चैम्पियनशिप रायपुर 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम में राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल राजनांदगांव के 15 खिलाड़ियों ने 11 स्वर्ण, 04 रजत एवं 09 कांस्य पदक सहित कुल 24 पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ शिकोकाई कराते डू एसोसिएशन, भारत कराते अकादमी एवं कराते इंडिया संघ (केआईओ) के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर के अग्रसेन धाम में आयोजित की गई।

टीम कोच एवं राष्ट्रीय स्तर के कराते प्रशिक्षक शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के मार्गदर्शन में जिले के खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि अर्जित की है। उपरोक्त स्पर्धा में भाग लेने वाले विजेता खिलाड़ियों को छग टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष एवं



राजनांदगांव जिला कराते संघ के अध्यक्ष नीलू शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, जिला कराते संघ के सचिव शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, उपाध्यक्ष सेंसाई कमल पूजन, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, सह-सचिव सतीश पदम, गुंडाधुर अवॉर्डी सेंसाई अंबर सिंह भारद्वाज एवं कस्तूरबा महिला मंडल राजनांदगांव की संरक्षक शीला कोठारी, शारदा तिवारी, सरस्वती माहेश्वरी, सचिव साधना तिवारी, राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल के वरिष्ठ खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक करण साहू, दुर्गेश साहू, तरुण साहू, जयदीप सिन्हा, भास्कर साहू, पुरविल साहू एवं पालकों ने शुभकामनाएं दी।

टूर्नामेंट में पदक विजेता खिलाड़ियों में सब जूनियर बालिका वर्ग में भाविका सिंह (अंडर-25 किग्रा कुमिते में कांस्य पदक), आयुषी वर्मा (अंडर-30 किग्रा काता एवं कुमिते दोनो में रजत पदक), बनीत कौर (अंडर-35 किग्रा कुमिते में कांस्य पदक), उन्नति सिंह (40 प्लस किग्रा कुमिते में कांस्य पदक), मान्या साहू (अंडर-40 किग्रा काता एवं कुमिते दोनों में स्वर्ण पदक), ख्याति साहू (45 प्लस किग्रा कुमिते में स्वर्ण पदक एवं काता में रजत पदक), सब जूनियर केटेगरी बालक वर्ग में श्रेष्ठ मिश्रा (अंडर-25 किग्रा काता एवं कुमिते दोनों में स्वर्ण पदक), हानोक सिंह (अंडर-25 किग्रा कुमिते में कांस्य पदक), हिमांशु झा (45 प्लस किग्रा कुमिते में कांस्य पदक), कैडेट केटेगरी महिला में पुरविल साहू (अंडर-42 किग्रा कुमिते एवं काता दोनों में स्वर्ण पदक), गुंजन वैष्णव (अंडर-47 किग्रा काता एवं कुमिते दोनों में कांस्य पदक), जूनियर केटेगरी बालक में भास्कर साहू (अंडर-50 किग्रा काता एवं कुमिते दोनों में स्वर्ण पदक), शेख हमजा (76 प्लस किग्रा कुमिते में स्वर्ण पदक), सीनियर केटेगरी महिला में मुस्कान साहू (अंडर-50 किग्रा कुमिते में कांस्य पदक एवं काता में रजत पदक), लोकिता साहू (अंडर-55 किग्रा कुमिते में स्वण पदक एवं काता में कांस्य पदक) हासिल किया।

## पशुक्रूरता रोकथाम के लिए कठोर कानून की मांग, सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव।** राज्य में बढ़ते पशु अत्याचार के मामलों पर चिंता जताते विश्व हिंदू परिषद ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कठोर कानून बनाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि हाल के दिनों में गौ माताओं सहित अन्य पशुओं के साथ मारपीट, प्रताड़ना और अनाचार जैसी घटनाएं बढ़ी है, जिन पर रोक लगाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

विहिप पदाधिकारियों ने बताया कि पशु संवेदनशील जीव है और उनके प्रति दया, संरक्षण व सम्मान का भाव रखना समाज का दायित्व है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि पशुक्रूरता रोकथाम अधिनियम का कड़ाई से पालन कराते अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

ज्ञापन प्राप्त करते कलेक्टर ने प्रतिनिधियों की बात गंभीरता से सुनी और आश्वासन दिया कि जिले में पशुक्रूरता के मामलों पर प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। साथ ही संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे।

ज्ञापन सौंपने वालों में विहिप प्रांत विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अरूण गुप्ता, विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, विभाग सह मंत्री प्रशांत दुबे, जिला मंत्री त्रिगुण सदानी, जिला समरसता प्रमुख बाबाजी बौद्ध, जिला विशेष संपर्क प्रमुख लाल मुनाई सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, विहिप नगर अध्यक्ष शिव वर्मा, नगर उपाध्यक्ष योगेश मुदलियार, नगर मंत्री अंकित खंडेलवाल, जिला विद्यार्थी प्रमुख गगन साहू, नगर संयोजक मोहित यादव, नगर गौरक्षा प्रमुख प्रणय मुल्लेवार, मयूर टांक, मेजर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।



**राजनांदगांव।** नगर सेना के कर्मचारी रोहित मंडावी के सुपुत्र तुषार मंडावी के सीजीपीएससी में उत्कृष्ट रैंक से चयनित होकर डीएसपी बनाए जाने पर जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने उनके निवास पहुंच कर पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी।

## एसआईआर अभियान एक आवश्यक कदम : कसेर

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला मंत्री उज्ज्वल कसेर ने भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष सघन पुनर्निरीक्षण अभियान (एसआईआर) की सराहना करते इसे लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला एक महत्वपूर्ण चरण बताया है। उन्होंने इस राष्ट्रव्यापी प्रयास को लोकतांत्रिक शुद्धिकरण का महापर्व की संज्ञा देते कहा कि यह अभियान एक शुद्ध, त्रुटि रहित और व्यापक मतदाता सूची सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और आवश्यक कदम है। श्री कसेर ने युवाओं से अपील की है कि जिन्होंने हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है, वह अपने मताधिकार के महत्व को समझते इस पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम का तुरंत लाभ उठाएं और अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का आह्वान करें।

## स्वदेशी संकल्प यात्रा का छत्तीसगढ़ में प्रवेश नांदगांव से

**राजनांदगांव।** स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकली स्वदेशी संकल्प यात्रा का छत्तीसगढ़ में प्रवेश राजनांदगांव से होगा। इसके सफल आयोजन को लेकर 23 नवंबर को दोपहर 01 बजे पंचशील होटल में अति महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश कैट की टीम के सदस्य विक्रम सिंह देव, शंकर बजाज, अवनीत सिंह, मोहम्मद हिरानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने यात्रा की तैयारियों एवं स्थानीय समन्वय पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। यह बैठक स्वदेशी जागरण मंच एवं कैट के संयुक्त तत्वावधान में हुई। जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। बैठक में राजनांदगांव जिला कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच से लगभग 40 सदस्य उपस्थित थे।

### रमन दिखाएंगे झंडी

पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह यात्रा को 27 नवंबर को दोपहर 12 बजे झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कार्यक्रम में नीलू शर्मा, योगेश दत्त मिश्रा, किरण वैष्णव, मधुसूदन यादव, अमर परवानी, जगदीश पटेल, परमानंद जैन, कोमल सिंह राजपूत विशिष्ट अतिथि होंगे। साथ ही बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु, मातृशक्ति तथा युवा साथी एवं कैट व स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य शामिल होंगे।

### गुरूद्वारा चौक से होगी यात्रा की शुरूआत

स्वदेशी संकल्प यात्रा का शुभारंभ गुरूद्वारा चौक से किया जाएगा। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए राम रसोई परिसर बालाजी मंदिर गंज चौक तक पहुंचेगी, जहां इसका समापन निर्धारित है।

### संयोजक व मीडिया प्रभारी नियुक्त

स्वदेशी संकल्प यात्रा के संयोजक अनिल बरडिया तथा सह-संयोजक विष्णु साव को जिम्मेदारी सौंपी गई है एवं मीडिया प्रभारी के रूप में अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव एवं लक्ष्मण लोहिया को नियुक्त किया गया है, जो संचार, प्रचार-प्रसार एवं मीडिया समन्वय की भूमिका संभालेंगे।



## सौगात : किसानों को 29 डीजल पम्प, बीज-किट, अनुदान राशि व लाभार्थी प्रमाण पत्र वितरण किया

# विधायक ने आगरपानी में किया 96 लाख 96 हजार की कृषि परियोजनाओं का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत आयोजित वॉटरशेड महोत्सव के अवसर पर सोमवार को ग्राम आगरपानी में 12 ग्राम पंचायत अंतर्गत 21 गांवों में 96 लाख 96 हजार रूपए की लागत से स्वीकृत कृषि व जल-संरक्षण संबंधित परियोजनाओं डबरी, कुंआ एवं स्टॉप डैम निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। ये सभी परियोजनाएं ग्रामीण क्षेत्रो में जल-संरक्षण, सिंचाई सुविधा का विस्तार और किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान उन्होंने 79.48 लाख के अधोसंरचना निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं 17 लाख 50 हजार रुपए के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया।

साथ ही साथ लाभार्थी किसानों को 29 डीजल पम्प, बीज एवं किट, अनुदान राशि एवं लाभार्थी प्रमाण पत्र का वितरण भी विधायक भावना बोहरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम का आभार व्यक्त कर ग्रामवासियों व किसानों को इन परियोजनाओं के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाएं किसानों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं और पंडरिया क्षेत्र को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता है।

### किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल



विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, हर खेत को पानी, जल प्रबंधन व सनाराक्षण और आधुनिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। क्षेत्र में संचालित जल-संरक्षण संरचनाएं, स्टॉप-डैम, डबरी, कुंआ निर्माण और अन्य परियोजनाएं आगामी वर्षों में सिंचाई के बेहतर साधन उपलब्ध कराएंगी। इन परियोजनाओं से न केवल खेती में स्थिरता आएगी, बल्कि भू-जल स्तर भी बढ़ेगा और किसानों को वर्षभर पर्याप्त सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगी। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इन विकास कार्यो से कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

### अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है

भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना इसी दृष्टि का मजबूत आधार है, जिसका मूल उद्देश्य हर खेत को पानी, जल का संरक्षण, सिंचाई सुविधा का विस्तार, वर्षा जल संचयन व भू-जल संवर्धन को बढ़ावा देना। आज जिन विकास कार्यो एवं परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है, उससे किसानों को खेतों में सिंचाई के बेहतर साधन उपलब्ध होंगे। वर्षा जल का संचयन बढ़ेगा जिससे सालभर पानी की उपलब्धता रहेगी। भूमि का कटाव रुकेगा और मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बढ़ेगी। भू-जल स्तर में सुधार होगा जिससे खेती में स्थिरता आएगी। सूखा प्रभावित क्षेत्रों को राहत मिलेगी और फसल उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और इन कार्यो से सीधा फायदा किसानों और ग्रामीणों की आजीविका पर पड़ेगा, साथ ही कृषि आधारित अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। यह महोत्सव न केवल जागरूकता का माध्यम है, बल्कि ग्रामीण विकास और किसानों की समृद्धि का आधार भी है। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थें।



# राजानवागांव स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77 वां एनसीसी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में सोमवार को 77 वां एनसीसी दिवस उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिषर में सुबह से ही कैडेट्स का जोश देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में एनसीसी के विभिन्न विंगों के कैडेट्स ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और अपनी नेतृत्व क्षमता व सामाजिक जन जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसआई जीतलाल निषाद एवं आकाश सिंह राजपूत ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए यातायात नियमों के पालन, अनुशासन, समय प्रबंधन, और सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। वहीं एनसीसी दिवस के अवसर पर विद्यालय में कई जन-जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, पौधरोपण अभियान, सायकिल रैली और पोस्टर मेकिंग जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जन-जागरूकता और सामाजिक सेवा के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना था। कैडेट्स का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन अधिकारी आशीष कुमार तिवारी द्वारा किया गया। उन्होंने एनसीसी के मूल सिद्धांतों, एकता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम पर विस्तृत चर्चा करते हुए कैडेट्स को उत्कृष्ट नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रणजय सुतार ने भी कैडेट्स के उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

## खबर संक्षेप

### भटरूसे में मनाया गया मितानिन दिवस



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम भटरूसे में सरपंच संतोष कुमार नेताम के द्वारा समस्त ग्रामवासियों, महिला समूह एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के समक्ष मितानिन दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। वहीं इस मितानिन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच संतोष नेताम के द्वारा सभी मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच एवं सभी मितानिन दीदीयां सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### ग्रापं घोरपेंण्ड्री में हर्षोल्लास के साथ मितानिन दिवस मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत घोरपेंड्री में 24 नवम्बर को मितानिन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे सरपंच श्रीमती दुरपति चंद्राकर व मितानिन दीदियों द्वारा भारत माता के तैलचित्र पर फूल-माला, श्रीफल व विधि विधान से पूजा अर्चना कर मितानिनो को शाल, श्रीफल भेंट व सम्मानित किया गया। जिसमे मितानिन श्रीमती उमा साहू, राजकुमारी चंद्राकर, दुरपति चंद्राकर, मंजू मानिकपुरी, सरोजिनी साहू, सरोज जांगड़े, सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर चंद्राकर, अनुज चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, श्रवण चंद्राकर, कपिल साहू, परमेश्वर चंद्राकर, घनश्याम चंद्राकर, तरुण जांगड़े, विक्की साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा 6वीं के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। यह परीक्षा 13 दिसंबर को होगी। आधिकारिक लिंक cbseitms.rcil.gov.in एनवीएस के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं।

# उपमुख्यमंत्री ने भैंसबोड़ में जमीन पर बैठकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

## विजय शर्मा ने विकास कार्यो की घोषणाएं की, आवेदनों का किया त्वरित निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रमों में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम भैंसबोड़ पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर आमजन की समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें गंभीरतापूर्वक सुनीं। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने गांव से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं, सड़क, पानी, बिजली, आवास, नाली, शौचालय, सामाजिक भवन, पुलिया एवं अन्य विकास कार्यो से संबंधित मांगें रखीं।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रत्येक समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण करते हुए अधिकारियों को शेष मामलों का त्वरित जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम भैंसबोड़ के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

उन्होंने शीतला मंदिर के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 2.50 लाख रूपए, ग्राम में नाली निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपए, बजरंगबली मंदिर के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 2.50 लाख रूपए, सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6.50 लाख रूपए व धनगांव चौक में सामुदायिक शौचालय निर्माण, धनगांव चौक में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की घोषणा की। उन्होंने गाढ़ाघाट में पुलिया निर्माण के लिए स्टीमेट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी कार्यो की शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति एवं तकनीकी प्रक्रिया पूरी कराते हुए कार्य प्रारंभ कराए जाएं तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। भैंसबोड़ में जनसंपर्क कार्यक्रम के पश्चात उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्राम तालपुर, बिरमपुर एवं मजगांव के दौरे पर रहेंगे। इन गांवों में भी वे जनसंपर्क कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा स्थानीय विकास कार्यो की समीक्षा करेंगे।

### जब गांवों का विकास होगा, तभी राज्य व देश सशक्त बनेगा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि जब गांवों का विकास होगा, तभी राज्य और देश सशक्त बनेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार हर गांव तक बिजली, सड़क, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की सुविधाएं पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि जनसंपर्क कार्यक्रमों का उद्देश्य औपचारिकता नहीं बल्कि जनता से सीधा संवाद कर मौके पर ही समस्याओं का समाधान करना है। इससे शासन-प्रशासन और जनता के बीच विश्वास का पुल मजबूत होता है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के ग्रामवासियों के बीच पहुंचने से ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने जमीन पर बैठकर सीधे संवाद करने के उनके सरल एवं संवेदनशील व्यवहार की सराहना की।

## प्राइवेट स्कूल टीचर्स टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में अभ्युदय स्कूल और श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल ने प्रथम क्वालीफायर मैच में किया प्रवेश



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर में प्रथम वर्ष कवर्धा प्राइवेट स्कूल टीचर्स टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा द्वारा कराया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 16 नवंबर से किया गया था, जिसे प्रत्येक रविवार को सुबह 9 से 12 बजे तक छीरपानी कॉलोनी मैदान में खेला जा रहा है। जिसका द्वितीय रविवार 23 नवंबर को लींग तीसरा मैच अभ्युदय स्कूल विरुद्ध गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे टॉस जीतकर अभ्युदय स्कूल ने बॉलिंग करने का निर्णय लिया, वही गुरुकुल की टीम ने पहले बैटिंग किया। जिसमें अभ्युदय स्कूल के बॉलर अमित, दिलीप ने शानदार बॉलिंग किया और गुरुकुल टीम ने 8 ओवर के मैच में सिर्फ 36 रन ही बना पाए और 7 ओवर में ही ऑलआउट हो गए, जिसके जवाब में अभ्युदय स्कूल के बैट्समैन विपिन वैध ने 4 छक्के एवं 1 चौके के मदद से इस मैच को मात्र 2 ओवर में खत्म कर दिया और मैच अपने नाम किए। वही चौथा मैच श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल विरुद्ध अभ्युदय स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे अभ्युदय स्कूल ने पहले बैटिंग करते हुए शानदार 83 रन बनाए उसके जवाब में श्रीराम कृष्ण की टीम ने सिर्फ 69 बनाए और अभ्युदय स्कूल की टीम 17 रन से इस मैच को अपना नाम किए और इस लींग फूल टॉपर बने। वही पांचवा मैच गुरुकुल पब्लिक स्कूल विरुद्ध श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के टीम से युगलकिशोर और उमेश के शानदार पार्टनरशिप से 6 छक्का और तीन चौका के मदद से 96 रन बनाए, इस बड़े लक्ष्य का पीछे करते हुए गुरुकुल की टीम ने मात्र 69 रन ही बना पाए, वहीं श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के बॉलर अखिलेश एवं उमाशंकर ने शानदार बॉलिंग किया तो दीपक ने 3 कैच लेकर बेस्ट फील्डिंग का प्रदर्शन दिखाया और श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल ने इस मैच को जीतकर सेकेण्ड टॉपर बने और प्रथम क्वालीफायर में जगह बनाए। वही एकेडमी के सचिव राजा जोशी ने बताया कि अब 30 नवंबर को पहला क्वालीफायर मैच अभ्युदय स्कूल विरुद्ध श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के बीच खेला जाएगा, जिसमें विजेता टीम सीधे ग्रैंड फाइनल में प्रवेश करेगा वहीं हराने वाली टीम को क्वालीफायर द्वितीय एक और मौका मिलेगा वहीं एलिमेंटर राउंड अशोका पब्लिक स्कूल विरुद्ध गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बीच खेला जाएगा, जिसमें विजेता टीम क्वालीफायर द्वितीय में प्रवेश करेगा।

## बीरन उत्सव प्रकृति, कला व संस्कृति का संगम



**हरिभूमि कवर्धा।** रविवार को भुरसीपकरी-दलदली में बैगा समुदाय की परंपरागत विरासत, बीरन पारंपरिक आभूषण, कला, संस्कृति और पहचान को संरक्षित करने एक विशेष आयोजन बीरन उत्सव प्रकृति, कला और संस्कृति का संगम का भव्य आयोजन किया गया। बैगा समाज की सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने, उनकी कलात्मक विधाओं को महत्व देने और समुदाय-केंद्रित विकास चिंतन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री अर्जुन सिंह तोतडिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होने लोक कला और जनजातीय संस्कृति के क्षेत्र में देशभर में प्रतिष्ठित हैं। उन्हें राष्ट्रीय तुलसी सम्मान, जनजातीय गौरव सम्मान, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, भारत राष्ट्र सम्मान जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय-सांस्कृतिक सम्मान प्राप्त हैं। पूरे समारोह में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। उनके साथ बैगा समाज के सामाजिक नेतृत्वकर्ता बुद्धसिंह सुटकुरिया, लमतु सिंह बगदरिया, इतवारी मछिया, मोती कचनरिया, तुलसी सुरखिया, गौठुराम बरंगिया, बिहारी रठुड़िया द्वारा विधि-विधान से कार्यक्रम की शुरुआत नागा बैगा-नागा बैगीन पूजन से आरंभ हुई। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुनों के साथ बैगा कर्मा नृत्य ने उत्सव को जीवंत और ऊर्जावान वातावरण प्रदान किया। इन प्रस्तुतियों ने न केवल बैगा समाज की कलात्मकता को प्रदर्शित किया बल्कि उपस्थित सभी अतिथियों को जनजातीय संस्कृति की वास्तविक जड़ों से जोड़ दिया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, जिले के विभिन्न शासकीय विभाग एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैगा समुदाय के सांस्कृतिक संरक्षण और उनके पारंपरिक कौशल को संरक्षण, आजीविका एवं रोजगार से जोड़ने की दिशा में सामुदायिक और संस्थागत सहयोग महत्वपूर्ण है। पद्मश्री अर्जुन सिंह तोतडिया ने उत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि बैगा समुदाय की सांस्कृतिक परंपरा और प्रकृति से उनका गहरा संबंध बैगा की पहचान और प्रामाणिक धरोहरों में से एक है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कलाओं को संजोना, उन्हें नया मंच प्रदान करना और युवा पीढ़ी को इनसे जोड़ना आज समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

### धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# धान खरीदी सुचारू रूप से जारी, खरीदा गया 1.97 लाख क्विंटल धान, 49 करोड़ भुगतान जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कबीरधाम जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। जिले के उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के साथ ही किसानों को समय पर भुगतान भी उनके खातों में जारी किया जा रहा है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 4 हजार 445 किसान धान की बिक्री कर चुके हैं। जिनसे 1 लाख 97 हजार 30 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को उनके बेचे गए धान के एवज में 49 करोड़ 10 लाख 53 हजार रूपये भुगतान के रूप में जारी किए जा चुके हैं।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने धान खरीदी से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों के साथ तमाम नोडल ऑफिसर्स से धान खरीदी से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हुए हैं। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के साथ खरीदी से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का तुरंत निदान करने के लिए भी निर्देशित किया हुआ है। शासन प्रशासन की प्राथमिकता है कि जिले के उपार्जन केंद्रों में पहुंचने वाले किसानों की त्वरित तौलाई हो। इस बार पारदर्शी और व्यवस्थित टोकन सिस्टम ने खरीदी प्रक्रिया को सुगमता प्रदान की है। निश्चित मात्रा में टोकन जारी होने से किसानों के बीच धान बेचने के लिए अपनी बारी को लेकर किसी प्रकार की दुविधा नहीं है, और समितियों में भी धान खरीदी सुनियोजित तरीके से हो पा रही है। केंद्रों में बारदाने का पर्याप्त इंतजाम, धान तौलाई, भराई और स्टेकिंग के लिए मैन पावर, बायोमेट्रिक आधारित ऑथेंटिकेशन, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन और नमी मापक यंत्रों सहित खरीदी से जुड़ी अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित भी की गई हैं।

बीते दिनों कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों और अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। जिससे धान खरीदी की समूची प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी हो। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार किसानों को एकड़ के अनुसार टोकन जारी किए जाने, गेट पास ऐप में उपार्जन केंद्र में बिक्री हेतु धान लेकर आने वाले वाहन की फोटो को ऑनलाइन अपडेशन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इसी के साथ खरीदी के उपरांत उपार्जन केंद्रों में धान की स्टेकिंग किस्मवार अलग अलग

# आरपीएस स्कूल में एक मिनट गेम प्रतियोगिता का सफल आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में चारों सदनों संस्कार सदन, रीति सदन, परंपरा सदन एवं संस्कृति सदन के मध्य वन मिनट गेम प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में एकाग्रता, त्वरित निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करना था। विभिन्न एक मिनट के खेलों में छात्र छात्राओं ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। दर्शकों के उत्साहवर्धन से कार्यक्रम और अधिक मनोरंजक बन गया। सभी प्रतिभागियों ने श्रेष्ठ खेल भावना का परिचय दिया। वहीं विभिन्न वर्गो के परिणाम जिसमें कक्षा 1 से 2 प्रथम स्थान परंपरा सदन विजेता त्रिप्ति नवले, द्वितीय स्थान रीति सदन विजेता आकृति, तृतीय स्थान संस्कार सदन विजेता धैर्य चंद्रवंशी रहे। वहीं कक्षा 3 से 5 प्रथम स्थान संस्कृति सदन, विजेता नमन बरेठ, द्वितीय स्थान संस्कार सदन विजेता मो साहिल मेमन, तृतीय स्थान रीति सदन विजेता अथर्व गुप्ता रहे साथ ही कक्षा 6 से 12 प्रथम स्थान परंपरा सदन विजेता याशी परिहार, द्वितीय स्थान रीति सदन विजेता दिया चंद्रा व तृतीय स्थान संस्कार सदन विजेता अर्पिता मिश्रा रहे। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं का योगदान सराहनीय रहा। वहीं विद्यालय परिवार ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सौगात: उप मुख्यमंत्री ने की मुख्य सड़क से स्कूल तक पहुंचने के लिए सीसी रोड निर्माण की घोषणा

# डिप्टी सीएम ने 9 शासकीय स्कूलों में एक साथ स्मार्ट क्लास का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के स्कूलों में डिजिटलीकरण की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को ग्राम सिल्हाटी के उच्चतर माध्यमिक शाला से सहसपुर लोहारा विकासखंड के अंतर्गत संचालित 9 शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सिल्हाटी से विकासखंड के सभी 9 स्कूल में वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़ रहे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सिल्हाटी स्कूल परिसर पहुंचकर सर्वप्रथम मां सरस्वती की तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस अवसर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, हरिभूमि के ब्यूरोचीफ महेश मिश्रा, श्रीकांत उपाध्याय, सरपंच सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित थे। इस पहल के तहत विकासखंड कवर्धा में यह सुविधा का शुभारंभ पहले ही किया जा चुका है, जिसके बाद अब सहसपुर लोहारा क्षेत्र में भी डिजिटल शिक्षा का विस्तार गति पकड़ चुका है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने सड़क से स्कूल तक पहुंचने के लिए सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से जुड़े विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास के लाभ बताते हुए समझाया कि वे इस आधुनिक तकनीक का उपयोग कर किस प्रकार अपनी पढ़ाई को अधिक प्रभावी और रोचक बना सकते हैं। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी कल्पना शक्ति को हमेशा सक्रिय और प्रबल रखें। उन्होंने बताया कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और भूगोल जैसे विषयों में जटिल अवधारणाओं को सरलता से समझा जा सकेगा, विशेषकर सौर मंडल, संरचनात्मक प्रक्रियाओं और वैज्ञानिक विषयों को समझने में आसानी होगी। कार्यक्रम में श्री शर्मा ने स्मार्ट क्लास की संपूर्ण तकनीकी कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया और शिक्षकों से इसकी संरचना, संचालन एवं उपयोग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बैठकर डिजिटल बोर्ड के माध्यम से आंख की संरचना में रेटिना की कार्यप्रणाली तथा हृदय की संरचना से संबंधित थ्रीडी एनिमेटेड डिजिटल कंटेंट का लाइव प्रदर्शन देखा।



### कठिन से कठिन विषय बच्चों के लिए बनेंगे रोचक

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह परियोजना केवल उपकरणों की स्थापना या तकनीक की उपलब्धता भर नहीं है, बल्कि संपूर्ण शिक्षा-तकनीक मंत्र परिवर्तन लाने वाली एक दूरदर्शी पहल है। स्मार्ट क्लास के माध्यम से मल्टी-डायमेंशनल कंटेंट, थ्री-डी विज़ुअलाइजेशन और इंटरएक्टिव लर्निंग की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कठिन से कठिन विषय भी विद्यार्थियों के लिए रोचक, आकर्षक और सरल बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली कला, वाणिज्य, विज्ञान और गणित सभी विषयों के लिए अत्यंत उपयोगी है, क्योंकि अब सम्पूर्ण शिक्षण सामग्री त्रि-आयामी स्वरूप में प्रदर्शित हो रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि एआई की सहायता से हम सीखने की पद्धति को पूरी तरह बदल सकते हैं। इसी क्रम में उन्होंने मंच पर ही एआई का लाइव उपयोग करके विद्यार्थियों को नई तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव भी कराया। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय विषयवार साप्ताहिक शैक्षणिक शेड्यूल तैयार करे, ताकि स्मार्ट क्लास का उपयोग व्यवस्थित, प्रभावी और लक्ष्य आधारित रूप से हो सके।

### जिले में सीएसआर मद से कुल 50 स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित करने की योजना

जिले के मिडिल, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अत्याधुनिक डिजिटल शिक्षण प्रणाली की सुविधा उपलब्ध हो गई है। स्मार्ट क्लास के शुभारंभ से अब विद्यार्थियों को विषयों की गहराई, जिज्ञासा आधारित शिक्षण और आधुनिक तकनीक का सीधा लाभ मिलेगा। अगले चरण में बोड़ला विकासखंड के शासकीय स्कूलों में भी इस सुविधा का विस्तार किया जाएगा। जिले में सीएसआर मद से कुल 50 स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित करने की योजना है, अन्य स्कूलों में भी यह पहल शुरू की गई है। इस महत्वपूर्ण कदम से जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता, तकनीकी पहुँच और विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखंड के 9 स्कूलों में एक साथ स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ किया। इसमें सोनझरी, रक्से, सिल्हाटी, सहसपुर लोहारा, सुरजपुरा वन, कोयलारी, छिरबांधा, खोलवा, राम्हेपुर के स्कूल शामिल है।

# धान पंजीयन के लिए भटक रहे जिले के किसान: चोवाराम साहू



■ स. लोहारा तहसील कार्यालय में लगा किसानो का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश सहित जिले के धान उत्पादक किसानो से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा इस बार अनिवार्य किया गया एग्रीस्टैक पोर्टल पंजीयन सहित अन्य अनिवार्यताएं किसानो के लिए भारी मुसीबत खड़ी कर रही है। बताया जा रहा है कि पंजीयन की अंतिम तिथि को लगातार आगे बढ़ाए जाने के बाद भी जिले में किसान पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि किसानो की समस्याओं व मांग को देखते हुए शासन ने एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन की तिथि को बढ़ा दिया गया था लेकिन अभी भी कई किसान नियम कायदों में फंसे होने के कारण अपना पंजीयन नहीं करा पाए है। इस संबंध में कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने बताया कि शासन ने इस बार समर्थन मूल्य में धान खरीदी की प्रक्रिया इतनी जटिल कर दिया है कि किसान इस में उलझकर रह गए है। उन्होने बताया कि धान खरीदी संबंधी विभिन्न पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 25 नवम्बर निर्धारित की गई है। जिसके चलते सोमवार को तहसीलकार्यालय स. लोहारा में किसानो की भारी भीड़ देखने को मिली। श्री साहू ने बताया कि किसानो को पंजीयन में आधार सीडिंग और ई-केवाईसी, दस्तावेजों की जांच, पोर्टल और ऐप का उपयोग करने में समस्याएं आ रही हैं, जैसे कि पोर्टल पर तकनीकी खराबी और जानकारी की गलतियां। उन्होने बताया कि कई किसानों को आधार सीडिंग और ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने में परेशानी हो रही है। इसी प्रकार गिरदावरी और भूमि रिकॉर्ड के साथ दस्तावेजों के मिलान में समस्या आ रही है जिससे किसान पटवारी से लेकर समिति और च्वाईस सेंटर से लेकर तहसील कार्यालय के चक्कर काटने मजबूर हो रहा है। चोवाराम साहू ने किसानो की इन तमाम समस्याओं को देखते हुए शासन से नियम कायदों को शिथिल करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### 5.51 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा।** थाना कोतवाली कवर्धा की टीम ने काव्या इंडस्ट्रीज के नाम पर सुपर डिस्ट्रीब्यूटर बनाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाला आरोपी मनोज श्रीवास्तव पिता स्व. दयाशंकर श्रीवास्तव, उम्र 45 वर्ष, निवासी दाऊतपुर गोरखपुर उत्तर प्रदेश तथा वर्तमान पता बसुंधरा, गाजियाबाद को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। प्रार्थी नवीन जैन, निवासी महावीर स्वामी चौक कवर्धा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी ने स्वयं को काव्या इंडस्ट्रीज का मैनेजिंग डायरेक्टर बताकर उनसे कुल 5,51,000 रुपए की ठगी की। आरोपी ने प्रार्थी को सुपर डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त करने का प्रलोभन देकर विभिन्न खातों में रकम जमा करवाई तथा फर्जी टैक्स इनवॉइस, ई-वे बिल और कंपनी के नाम से ई-मेल भेजकर धोखे में रखा। प्रार्थी द्वारा लखनऊ स्थित कंपनी के पते पर जाकर जांच करने पर पाया गया कि वहां ऐसी कोई कंपनी अस्तित्व में नहीं है।

### प्लेसमेंट कैम्प आयोजन 26 नवम्बर को

**कवर्धा।** जिले के प्रशिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कवर्धा द्वारा 26 नवम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन शासकीय आई.टी.आई. परिसर ग्राम तारों में किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट कैंप में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी संस्थाएं भाग लेंगी, जहां अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

# जिले में मनाया गया एनसीसी का 77 वां स्थापना दिवस

## बेहतर नागरिक के निर्माण में एनसीसी की महती भूमिका:एएसपी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासित रहकर ही सफलता मिलेगी, जिसकी शिक्षा युवावस्था में एनसीसी देती है। वर्दी अनुशासन का पर्याय है। सैन्य जीवन विषम परिस्थितियों से भरा होता है, अतः उन्हे प्रशिक्षण भी कठोर दिया जाता है। उक्त उद्गार जिले के उप पुलिस अधीक्षक कृष्णकांत चंद्राकर ने शासकीय पीजी कालेज आडिटोरियम में आयोजित संयुक्त एनसीसी दिवस समारोह में व्यक्त किये। उन्होने बताया कि स्कूल व कालेज में मैं स्वयं एक अनुशासित एनसीसी कैडट था। इस अवसर पर डायरेक्टर जनरल एनसीसी के संदेश का भी प्रसारण किया गया। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा, शासकीय कृषि महाविद्यालय कवर्धा, स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबनाकला की एनसीसी इकाइयों के द्वारा कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित संयुक्त समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि ने एनसीसी ध्वजारोहण किया। सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात परेड कमांडर सीनियर अंडर ऑफिसर जागेश्वर धुर्वे ने मुख्य अतिथि को रिपोर्ट किया और मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात प्लाटून कमांडरों जूनियर अंडर ऑफिसर तामेश्वर निषाद, जूनियर अंडर ऑफिसर लक्ष्मी कार्णिक, सार्जेंट धनंजय साहू ,सार्जेंट प्रतीक्षा बाचकर स्वामी करपात्री जी स्कूल, सार्जेंट सांची गंधर्व स्वामी आत्मानंद कन्या विद्यालय, सार्जेंट सुनीता पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबनाकला, पायलट भारती यादव, रूपा साहू के नेतृत्व में छहः प्लाटूनों ने बैंड टीम पंकज धुर्वे और तुषार ठाकुर के धुन पर आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत करते हुए उन्हें सलामी दी। मुख्य अतिथि ने एनसीसी दिवस पर समस्त कैडेट्स को शपथ ग्रहण कराया। समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ऋचा मिश्रा और वरिष्ठ प्राध्यापक नरेंद्र कुलमित्र, रविशंकर नाग ने कैडेट्स को शुभकामनाएं दी। एनसीसी इकाइयों के संयुक्त प्रतिवेदन का पठन हुआ।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय के कैडेट्स ने पंथी नृत्य की प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबनाकला से भूमिका व साथियों ने खूबसूरत छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया, स्वामी करपात्री जी विद्यालय कवर्धा, होली किंगडम स्कूल, आदर्श कन्या विद्यालय कवर्धा के कैडेट्स ने भी सुंदर प्रस्तुति दी। पीजी कॉलेज के कैडेट्स ने भी शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, एनसीसी रन में जूनियर विंग से राजेश्वरी ने प्रथम सुनीता पटेल द्वितीय, अमरीका साहू तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार सीनियर विंग से अंजनी मेरावी, अर्चना गंधर्व, यामिनी कौशिक, सीनियर डिविजन से चंद्रभान, पुष्पेंद्र, दिनेश क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पर रहे। इस अवसर पर परेड के कमांडर्स के साथ ही एनसीसी दौड़ में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया। सम्पूर्ण समारोह का संयोजन पीजी कॉलेज कवर्धा के लेफ्टिनेंट भानु प्रताप सिंह, शासकीय कृषि महाविद्यालय के लेफ्टिनेंट दिनेश सिंह,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला के एनसीसी अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव, स्वामी करपात्रीजी विद्यालय के एनसीसी अधिकारी धनेश्वर सिंह राजपूत,कन्या विद्यालय के एनसीसी अधिकारी झरोखा अहिरवार तथा होली किंगडम स्कूल के एनसीसी अधिकारी छत्रपाल साहू ने किया।

# किसानों की शिकायत पर डिप्टी सीएम का निर्देश, पटवारी निलंबित

## काफिला रोककर किसानों की मुलाकात, सुनी समस्याएं, सभी धान खरीदी का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने सोमवार को जिले के प्रवास पर पहुंचे कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सिल्हाटी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर लौटने के दौरान स.लोहारा तहसील कार्यालय में लगी किसानो की भीड़ देखकर अपनी गाड़ी रोकी और किसानो से मुलाकात करने पहुंचे। बताया जाता है कि इस दौरान किसानो ने एकीकृत किसान पोर्टल में धान खरीदी के लिए पंजीयन एवं रकबा संशोधन में आ रही समस्याओं की जानकारी दी साथ ही ह.नं. 15 कुरुवा रानिम सिल्हाटी, तहसील लोहारा में पदस्थ पटवारी राजेश शर्मा की मनमानी तथा अपने कर्तव्यों व दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने की शिकायत की। जिसे गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी स.लोहारा को दिए। जिस पर कार्यवाही करते हुए अनुविभागीय अधिकारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत निलंबित कर दिया। वहीं उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने किसानो से चर्चा करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार सभी किसानो का धान खरीदेगी जिसे लेकर किसी भी किसान को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होने किसानो की मांग पर एकीकृत किसान पोर्टल में धान खरीदी के लिए पंजीयन एवं रकबा संशोधन की तिथि बढ़ाए जाने को लेकर मौके से ही प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात की।

# पंजीयन एवं रकबा संशोधन की अंतिम तिथि 25 नवंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

खरीफ वर्ष 2025 अंतर्गत किसानों को धान बेचने में सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान/वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही 19 से अतिरिक्त समय का प्रावधान किया था, जिसकी अंतिम तिथि 25 नवंबर है। किसानों को इसके लिए अपने संबंधित तहसील कार्यालय में जाना होगा, जहां वे पंजीयन और रकबा संशोधन का कार्य करवा सकेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने किसानों की सुविधा के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित हो। गौरतलब है कि खरीफ वर्ष 2025 में "एकीकृत किसान पोर्टल" के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही 01 जुलाई से 31 अक्टूबर 2025 तक करने का निर्देश जारी किया गया था।

किन्तु किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान/वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन के लिए 19 नवंबर से एक सप्ताह अतिरिक्त समय का प्रावधान पोर्टल के तहसील लॉगिन में किया गया है, जिसकी अंतिम तिथि 25 नवंबर को है।

# शीतलहर व ठंड से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में बढ़ते ठंड और शीतलहर को देखते हुए आमजन की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरी एहतियाती दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे ने बताया कि शीतलहर के दौरान लोग अनावश्यक घर से बाहर न निकलें और यात्रा से यथासंभव बचें। ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करें और शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म तरल पदार्थो का सेवन लगातार करते रहें। यदि किसी व्यक्ति को अत्यधिक कंपकंपी, उंगलियों में पीलापन या सफेदपन, सुन्नता जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गो को इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी। सीएमएचओ ने बताया कि कई लोग ठंड से बचने के लिए कोयला जलाकर आग सेंकते हैं, लेकिन बंद कमरे में कोयला जलाना अत्यंत खतरनाक है, क्योंकि इससे निकलने वाली कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस जहरीली होती है और जानलेवा भी साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि हाइपोथर्मिय की स्थिति में व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर लिटाएं और कंबल या गर्म कपडों से ढंक दे, जिससे शरीर का तापमान सामान्य हो सके। मांसपेशियों में अकड़न होने पर भी डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। हाइपोथर्मिया के लक्षणों में शरीर का तापमान गिरना, बोलने में कठिनाई, कंपकंपी, भारी सांस लेना, मांसपेशियों में जकड़न और नींद न आना शामिल हैं।

## तैयारियों को लेकर बैठक, बोड़ला में आयोजित किए जाएंगे विभिन्न आयोजन

# मौनी अमावस्या पर 6 दिवसीय हिंदू संगम कार्यक्रम 13 दिसम्बर से



हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मौनी अमावस्या पर 06 दिवसीय हिंदू संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा को तैयार करने के लिए हिंदू संगम स्थल बोड़ला रविवार को बृहद बैठक आयोजित की गई जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सहित हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में वर्ष 2013 की तरह हिंदू संगम कार्यक्रम को भव्य बनाने को लेकर चर्चा की गई। हिंदू संगम मेले की शुरुआत 13 जनवरी को मातृशक्ति सम्मेलन कलश यात्रा के साथ होगी। इसमें अखिल भारतीय संयुक्त का दुर्गा वाहिनी सुश्री प्रज्ञा महाला सम्मिलित होंगी। इसके बाद 18 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

### परिवार सम्मेलन कार्यक्रम आयोजन

हिंदू संगम कार्यक्रम के दौरान 14 जनवरी को परिवार सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन होगा। इससे कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले पुरुषों को धोती और महिलाओं को साड़ी पहन कर आने पर ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही इस परिवार सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए लोगों को पूर्व से ही रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुटुंब प्रबोधन प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रविंद्र जोशी होंगे।

### जनजातीय बैगा, गुनिया सम्मेलन का आयोजन

15 जनवरी को हिंदू संगम कार्यक्रम में बैगा गुनिया सम्मेलन का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में जिले भर में फुक झाड़ करने वाले और ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर मरीज को डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध कराने वाले डॉक्टरों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अशोक वार्ष्णेय आरोग्य भारतीय संगठन मंत्री मौजूद रहेंगे।

### 18 जनवरी मौनी अमावस्या पर भव्य हिंदू संगम सम्मेलन

18 जनवरी मौनी अमावस्या पर भव्य हिंदू संगम सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम को लेकर चंद्रशेखर वर्मा ने जानकारी देते बताया कि लगातार 2013 से अनवरत मौनी अमावस्या पर हिंदू संगम कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है इस बार भी 06 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी और दूसरे दिन से अंतिम दिन तक प्रतिदिन यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सर सह कार्यवाह रामदत्त चक्रधर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे साथ ही कार्यक्रम के अध्यक्षता फग्गन सिंह कुलस्ते के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने हिंदू समाज से अपील किया है कि हिंदू संगम का कार्यक्रम हिंदू समाज के लोगों के सहयोग से आयोजित होगा जिसमें सब की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए उन्होंने प्रत्येक हिंदू परिवार से कार्यक्रम में एक मुट्ठी चावल और 10 रूपए का सहयोग करने की अपील भी की है।

# शहीद नरेन्द्र शर्मा की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



भारतीय सेना के दुल्लापुर (कवर्धा) निवासी शहीद नरेन्द्र शर्मा की 54 वीं पुण्यतिथि पर शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली के स्कूल प्रांगण में स्थित प्रतिमा पर फूलमाला अर्पण कर 54 दीपदान, और 54 मानव श्रृंखला बना कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस गरिमामयी आयोजन में राष्ट्रपति वीरता पदक पुरस्कार से सम्मानित रायफलमेन राघो राम चंद्रवंशी (सेवानिवृत्त) तथा शहीद परिवार से वीरेंद्र कुमार शर्मा शर्मा, नायक जेके राजपूत (सेवानिवृत्त) संस्था के प्राचार्य हरिनारायण पाण्डेय, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी, पूर्व जनपद सदस्य रामसिंह ठाकुर, पूर्व करारोपड़ अधिकारी प्रताप सिंह चंद्रवंशी, शिवकुमार साहू , स्कूल के समस्त शिक्षक स्टाफ सहित गणमान्यजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित पूर्व सैनिकों और श्री शर्मा का शाल, श्रीफल, गीता प्रदान कर सम्मान किया गया। सैनिकों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि शहीद पूरे राष्ट्र के लिए गौरव पुरूष होते हैं।

उन्होने मातृभूमि की सेवा करते हुए अपना सर्वस्य न्यौछावर किया है। शहीद के स्मरण मात्र से प्रत्येक नागरिक को सकारात्मक उर्जा, शक्ति प्राप्त होती है एवं नागरिको को देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा शक्ति शहीद के जीवन से ही प्राप्त होता है। शहीद नरेन्द्र शर्मा न केवल कवर्धा, और छत्तीसगढ़ के नहीं थे बल्कि राष्ट्र के गौरव है।

उनका योगदान सदैव ससम्मान स्मरण किया जाता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य के द्वारा आभार प्रदर्शन कर शहीद नरेन्द्र शर्मा अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा शहीद नरेंद्र शर्मा नाम रहेगा के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया।